दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 60 | सीकर, सोमवार 27 अप्रेल 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभ : सीएम शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी गांव के विकास का आधार है। वे जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं तथा ग्रामीणों के सपनों को पूरा करने में योगदान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में ग्राम विकास अधिकारी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिनन्दन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुशासन से ही राजस्थान समृद्ध बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भव' होना चाहिए। इसी कड़ी में ग्राम विकास अधिकारी आमजन की सेवा में दिन-रात समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बड़ी संख्या में लाभार्थी जनकल्याणकारी एवं आधारभूत विकास की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्मिकों की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है। इसके जरिये कार्मिक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को पूरा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पानी एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की हैं। पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि कर किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।





उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर वीबी जी राम जी, स्वच्छ भारत मिशन, स्वामित्व योजना जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डेयरी संबंधी कार्यों को प्रोत्साहन देने के साथ ही पशुपालकों के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। राजीविका के जरिये महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने के लिए आगामी 23 से 25 मई तक ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट का आयोजन करने जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी इस आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान प्रारंभ किया है, जिसमें विस्तृत रिपोर्ट बनाकर हर गांव और वार्ड के सर्वांगीण विकास का खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने आह्वान किया कि राजस्थान को नम्बर वन स्टेट बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्राम विकास अधिकारी कैडर के हित में पदोन्नतियों में व्यवधान को दूर करने के साथ ही कैडर के सुदृढ़ीकरण की दिशा में वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी पद का सृजन भी किया है।

## मन की बात का 133वां एपिसोड
## मोदी बोले- जनगणना दुनिया का सबसे बड़ा अभियान, अब तक 1 करोड़ 20 लाख घरों की लिस्टिंग हुई




नई दिल्ली।

पीएम मोदी ने रविवार को प्रसारित मन की बात के 133वें एपिसोड में जनगणना का जिक्र किया। पीएम ने कहा- हमारे देश में इस समय एक बहुत अहम अभियान चल रहा है, जिसके बारे में हर भारतीय को जानकारी होनी जरूरी है।

ये है जनगणना का अभियान, यह दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। जो साथी पहले से इस तरह की प्रक्रिया से गुजरे हैं, इस बार जनगणना का उनका अनुभव, अलग होने वाला है।

पीएम ने कहा- जिन राज्यों में स्व-गणना का काम पूरा हो गया है, वहां घरों की लिस्टिंग का काम जारी है। अब तक लगभग 1 करोड़ 20 लाख परिवारों के मकान की लिस्टिंग का काम पूरा भी हो चुका है।

### पीएम के मन की बात में 6 बड़ी बातें...

**जनगणना में आपकी भागीदारी आसान बनाई गई है:** आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। जब आप प्रक्रिया पूरी करते हैं, तो आपको एक विशेष आईडी मिलती है। ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। बाद में जब कर्मचारी आपके घर आता है, तो आप यही आईडी दिखाकर जानकारी की पुष्टि कर सकते हैं। इससे दोबारा जानकारी देने की जरूरत नहीं पड़ती।

**बुद्ध का संदेश आज भी अहम:** आज भी मई महीने की शुरुआत एक पावन अवसर के साथ होने जा रही है। कुछ ही दिनों में हम बुद्ध पूर्णिमा मनाएंगे। मैं आप सभी देशवासियों को अपनी अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। भगवान गौतम बुद्ध का जीवन संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया है कि शांति हमारे भीतर से शुरु होती है, उन्होंने बताया है कि स्वयं पर विजय सबसे बड़ी विजय होती है।

**पर्यावरण संरक्षण के बड़े सुंदर प्रतीक:** कच्छ के रण में बरसात खत्म होते ही यहां की धरती जीवंत हो जाती है। हर साल लाखों फ्लेमिंगो यहां आते हैं। पूरा इलाका गुलाबी रंग से रंग जाता है, इसलिए इसे फ्लेमिगो सिटी कहा जाता है । ये पक्षी यहीं घोसलें बनाते हैं और अपने बच्चों को बड़ा करते हैं। कच्छ के लोग इन्हें लाखा जी के बाराती कहते हैं। अब लाखा जी के ये बाराती कच्छ में पर्यावरण संरक्षण के बड़े सुंदर प्रतीक बन गए हैं।

**विंड एनर्जी में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा:** आज पवन-शक्ति भारत के विकास की नई कहानी लिख रही है। भारत ने हाल ही में पवन-ऊर्जा यानि विंड एनर्जी में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब भारत का विंड एनर्जी जनरेशन कैपेसिटी 56 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है। पिछले एक साल में ही करीब 6 गीगावॉट नई क्षमता जुड़ी है। विंड एनर्जी में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और दुनिया भी हमारी तरफ देख रही है।

**भारत के विकास के लिए पवन ऊर्जा जरूरी:** गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान देश के अनेक राज्य इस सेक्टर में अपना परचम लहरा रहे हैं। गुजरात के कच्छ, पाटन, बनासकांठा जैसे क्षेत्र जहां पहले सिर्फ रेगिस्तान नजर आता था। आज वहां बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहे हैं। इसका लाभ युवाओं को मिल रहा है, नए अवसर बन रहे हैं, नई स्किल्स विकसित हो रही हैं, रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। साथियो, भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा जरूरी हैं।

**पूरे नॉर्थईस्ट में बंबू सेक्टर फल-फूल रहा है:** अंग्रेजों के बनाए कानून के हिसाब से बांस को पेड़ के रूप में परिभाषित किया गया था और इससे जुड़े नियम बहुत कड़े थे। कहीं पर भी बांस को ले जाना बहुत मुश्किल था। ऐसे में यहां के लोग बांस से जुड़े काम-धंधे से दूर होते गए। साथियो, साल 2017 में कानून में बदलाव करके हमने बांस को पेड़ की कैटेगरी से बाहर किया। जिसके नतीजे सबके सामने हैं। आज पूरे नॉर्थईस्ट में बंबू सेक्टर फल-फूल रहा है।

## दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल, आग लगी
### 6 घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग सवार थे



नई दिल्ली।

दिल्ली एयरपोर्ट में टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल हो गया। स्विस एयरलाइंस की एलएक्स 147 फ्लाइट शनिवार देर रात 1:08 बजे टेकऑफ करने वाली थी। तभी उसका एक इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इसके बाद पायलट ने तुरंत विमान रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। 6 यात्री घायल हो गए। फ्लाइट स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जाने वाली थी।

# गर्मी @ High Leval

## बाड़मेर में पारा 45 डिग्री पार, सांभर लेक में लाखों फ्लेमिंगो

### 4 और जिलों में स्कूलों का टाइम बदला

### फिर बदलेगा मौसम, बारिश-ओलों का अलर्ट

**जयपुर।** तेज गर्मी, उमस और हीटवेव झेल रहे राजस्थान के लोगों को शनिवार को थोड़ी राहत मिली। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से सीकर, बीकानेर, राजसमंद, फलोदी, अलवर समेत कई जिलों हल्की बारिश और ओले गिरे।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले तीन दिन इस सिस्टम का असर रहने और कुछ स्थानों पर आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। आज 2 जिलों में बारिश और 13 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट है। इस बीच बाड़मेर में तापमान 45.7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। जयपुर में सीजन की सबसे गर्म रात रही। जालोर, कोटपूतली-बहरोड़, टोंक और भीलवाड़ा में 27 अप्रैल से 8वीं क्लास तक के बच्चों के टाइम में भी बदलाव किया गया है।







### सालों बाद इतने फ्लेमिंगो

वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट गौरव दाधीच के मुताबिक सर्दियां खत्म होते ही मार्च तक ज्यादातर फ्लेमिंगो सांभर लेक से प्रवास कर जाते हैं क्योंकि यहां पानी कम हो जाता है। इस बार पानी ज्यादा है तो अप्रैल में भी लाखों फ्लेमिंगो डेरा डाले हुए हैं। ऐसा सालों बाद हुआ है, जो अच्छा संकेत है।

### गर्मी में प्यास बुझा रहे मोर

थार के मरुस्थल में जोधपुर के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय लोगों ने पशु-पक्षियों के लिए पानी के विशेष इंतजाम किए हैं। छोटे-छोटे तालाब (खैली) बनाए गए हैं। गर्मी ज्यादा हुई तो मोर और गाय अपनी प्यास बुझाने पहुंचे।

### गर्मी से जुड़े बड़े अपडेट्स...

सभी शहरों में पारा 40 डिग्री से ऊपर: पिछले 24 घंटे में शनिवार दोपहर तक तेज गर्मी और हीटवेव का असर रहा। पहली बार राजस्थान के सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, बाड़मेर में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

**सबसे गर्म दिन और रात:** भीषण गर्मी के साथ ही कुछ इलाकों में शनिवार को उमस भी रही। जयपुर में शुक्रवार को सबसे गर्म रात रही। शनिवार को सबसे गर्म दिन बाड़मेर में रहा। यहां पारा 45 .7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।


**4 और जिलों में टाइम बदला:** जालोर में 8वीं क्लास तक बच्चों टाइम बदला है। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार सोमवार से इन बच्चों के लिए स्कूल टाइमिंग सुबह 7 :30 से 11 :30 बजे तक रहेगी। भीलवाड़ा में भी सोमवार से सुबह 7 :30 से 11 :30 तक 8वीं क्लास के लिए टाइमिंग रहेगी। वहीं, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 8वीं क्लास तक के लिए टाइमिंग सुबह 7 :30 से दोपहर 12 बजे तक रहेगी। टोंक जिले में 8वीं क्लास तक के लिए टाइमिंग सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगी। इससे पहले जयपुर, अजमेर सहित 9 जिलों में भी स्कूल टाइम में बदलाव किया था।

**सांभर लेक में फ्लेमिंगो रुके :** जयपुर जिले की सांभर लेक में हर साल मार्च के बाद जल स्तर घटने लगता है, जिसके कारण फ्लेमिंगो का बड़ा झुंड प्रवास कर जाता है। केवल 5-8 हजार फ्लेमिंगो ही रह जाते हैं, जो जून तक शहर के बैकवाटर क्षेत्रों में सीमित संसाधनों के साथ जीवित रहते हैं। इस साल स्थिति अलग है। अच्छी बारिश से झील में जल स्तर पर्याप्त है। यही कारण है कि इस बार लाखों की संख्या में फ्लेमिंगो अब भी यहां रुके हुए हैं।

## गैंगस्टर रोहित गोदारा-वीरेंद्र चारण गैंग का बदमाश अरेस्ट

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की ओर से जयपुर में दबिश देकर दो वांटेड बदमाशों को अरेस्ट किया गया है। इसमें गैंगस्टर रोहित गोदारा व वीरेंद्र चारण गैंग का सक्रिय मेंबर (गुर्गा) व 27 मुकदमों का आदतन साथी बदमाश शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के नेटवर्क और अन्य वारदातों के खुलासे के प्रयास किए जा रहे है। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया- सुजानगढ़ के चर्चित जेडीजे ज्वैलर्स फायरिंग कांड के मुख्य आरोपी कृष्ण सिंह (31) निवासी रतनगढ़ चुरू को अरेस्ट किया गया है।

## वॉशिंगटन में डिनर के दौरान फायरिंग, ट्रम्प को सुरक्षित निकाला
### चश्मदीद बोले- 7 राउंड फायरिंग हुई, गेस्ट टेबल के नीचे छिपे; हमलावर पकड़ाया




वॉशिंगटन।

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में सालाना व्हाइट हाउस कॉरस्पॉन्डेंट डिनर के दौरान फायरिंग हो गई। शनिवार शाम के इस कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पत्नी मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अफसर मौजूद थे। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक हमलावर ने होटल के बॉलरूम के बाहर फायरिंग की। ट्रम्प और गेस्ट बॉलरूम के अंदर थे। ट्रम्प ने बताया कि हमलावर को पकड़ लिया गया है। पहले खबर आई थी कि हमलावर को मार गिराया गया। हमले के करीब डेढ़ घंटे बाद ट्रम्प ने मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- अमेरिका के संविधान पर हमला हुआ। सीक्रेट सर्विस ने मेरी जान बचाई। सुरक्षाकर्मियों ने बहादुरी से काम किया। जिस अफसर को गोली लगी, वह सुरक्षित है। उसने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी थी। हमलावर के पास पावरफुल गन थी।

### डिनर के दौरान फायरिंग करने वाला शख्स कौन

एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमलावर की पहचान 31 साल के कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया का है। पब्लिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, एलन पार्ट-टाइम टीचर और वीडियो गेम डेवलपर था। उसकी प्रोफाइल के मुताबिक, वह दिसंबर 2024 में 'टीचर ऑफ द मंथ' चुना गया था। उसने कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से 2017 में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। पिछले साल कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी डोमिंगुएज हिल्स से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स डिग्री हासिल की थी।

## कोबरी-सार



# सेन बने ओबीसी कांग्रेस के बीकानेर सह प्रभारी

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के चेयरमैन डॉ अनिल जयहिंद के निर्देशानुसार, राजस्थान प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के चेयरमैन हरसहाय यादव ने सुजानगढ़ के कांग्रेस नेता बजरंग सेन को बीकानेर शहर का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। बजरंग सेन इस नियुक्ति पर अनिल जयहिंद, हरसहाय यादव एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त कया है। सेन को वार्ड एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निर्देशित किया गया है। बजरंग सेन ने कहा है कि मैं शीर्ष नेतृत्व को पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि सह प्रभारी की जिम्मेदारी निभाते हुए आम जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहूंगा और कांग्रेस पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए अवंटित जिम्मेदारीका बखूबी निर्वहन करूंगा।

# श्री सांवरिया सेठ बैल्डिंग वर्कशॉप का शुभारम्भ



निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगर पालिका सिंघाना के नारनौल रोड पर बालाजी मार्केट में रविवार को श्री सांवरिया सेठ बैल्डिंग वर्कशॉप का विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ भव्य शुभारम्भ किया गया। इस नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहयोग एक पहल संस्थान अध्यक्ष डीपी सैनी सिंघाना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अरविन्द सैनी नानूवाली बावड़ी एवं नरेन्द्र सैनी उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर वर्कशॉप की शुरुआत की और प्रोपराईटर अनिल सैनी को नए व्यवसाय के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### सभी प्रकार के लोहे के कार्यों की सुविधा

वर्कशॉप के संचालक अनिल सैनी ने बताया कि यहां ग्राहकों को एक ही छत के नीचे बेहतरीन गुणवत्ता का काम मिलेगा। वर्कशॉप में मुख्य रूप से मजबूत जंगला, जाली और आकर्षक गेट, रैलिंग, कूलर बॉडी और टिकाऊ अलमारी, बक्सा एवं टीन शैड बनाने का कार्य संतोषजनक ढंग से किया जाएगा।

### गणमान्य जन रहे मौजूद

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिनमें कैलाश सैनी, हजारीलाल, हिरालाल, फूलचन्द, रामावतार, रामस्वरूप, पीके सैनी, निक्की, राहुल ढाणा, जितेन्द्र उर्फ पिन्टू सैनी, सचिन ढाणा, दिनेश बबेरवाल, राजेन्द्र सैनी शिव प्रिण्टर्स, नरेश सैनी, रूड़मल, डॉ मनोज, डॉ सुनिल, अजीत जांगिड़, रणजीत, विक्रम, राहुल सहित कई ग्रामीण और व्यापारी साथी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में प्रोपराईटर अनिल सैनी ने सभी आए हुए अतिथियों को लड्डू बाटकर आभार व्यक्त किया।

# सरदारशहर में आरम्भ का शंखनाद

## कैम्ब्रिज एजुकेशनल सिटी के वार्षिक उत्सव ने रचा इतिहास



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजस्थान की शिक्षा नगरी कहे जाने वाले सरदारशहर में 25 अप्रैल की शाम एक नया इतिहास दर्ज हो गया। अवसर था कैम्ब्रिज एजुकेशनल सिटी के वार्षिक उत्सव आरंभ का, जिसने अपनी भव्यता और गरिमा से पूरे राजस्थान का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह संभवतः राज्य का पहला ऐसा स्कूली वार्षिक उत्सव रहा, जहां जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि करीब 7 से 8 हजार लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

### प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में कुबेर ग्रुप के चेयरमैन विकास मालू उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीत मालू, निवर्तमान नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, सरदारशहर डीएसपी कुलदीप वालिया, सुभाष सोंगरा सीबीईओ सरदारशहर, बृजमोहन सराफ चेयरमैन सराफ इंडस्ट्रीज ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की और विद्यालय के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

आरंभ कार्यक्रम में कैम्ब्रिज के नन्हे-मुन्ने सितारों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा जौहर दिखाया कि दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजती रही। विद्यालय के लगभग 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंच पर 35 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिनमें राजस्थानी लोक नृत्य, देशभक्ति नाटक और आधुनिक कला का संगम देखने को मिला। बच्चों की हर शानदार परफॉर्मेंस के साथ आकाश में हुई रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्सव के सतरंगी रंगों में सराबोर कर दिया।

### प्रतिभाओं का सम्मान

उत्सव के दौरान केवल कला ही नहीं बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी सराहा गया। बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों और स्कूल के अन्य एकेडमिक अचीवर्स को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

हजारों की भीड़ और हाईवे के पास स्थित स्थान को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। कार्यक्रम को निर्बाध संपन्न कराने में सरदारशहर पुलिस और हाईवे पुलिस का विशेष योगदान रहा। पुलिस कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए हाईवे के ट्रैफिक को सुचारू रखा और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। कैम्ब्रिज एजुकेशनल सिटी का आरंभ केवल एक स्कूल का फंक्शन नहीं बल्कि सरदारशहर की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बन गया है। बच्चों का आत्मविश्वास और अनुशासन काबिले तारीफ था।

# शिक्षा के साथ बच्चों में संस्कार भी जरूरी : गुर्जर

निसं




**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** मानोता खुर्द स्थित जवाहर मेमोरियल स्कूल में रविवार को विजयोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने वाली चार छात्राओं को स्कूटी वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जयसिंह रोजड़िया, एसीबीईओ राजेश कुमावत, समाजसेवी विश्वेंद्र नालपुरिया, राजेश ढांडेल, बिहारीलाल ढिल्लन, मंगलाराम, गुड्डू जांगिड़ मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मानसिंह कनोड़िया ने की। समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही दिशा और अवसर देने की है। जवाहर मेमोरियल स्कूल ने यह साबित कर दिया है कि गांवों के बच्चे भी प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल की छात्रा अंशुल गुर्जर ने प्रदेश स्तर पर सातवां तथा गरिमा गुर्जर ने 12वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र, परिजनों और विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अच्छे अंक लाकर नौकरी पाना महत्वपूर्ण है लेकिन संस्कारवान बनना उससे भी बड़ी उपलब्धि है। शिक्षा तभी सार्थक है जब बच्चों में अनुशासन, संस्कार, सम्मान और समाजसेवा की भावना विकसित हो। विद्यालयों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। जयसिंह रोजड़िया ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा आधार है। विद्यालय बच्चों को केवल पाठ्य ज्ञान ही नहीं बल्कि संस्कार, अनुशासन और समाज में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि जवाहर मेमोरियल स्कूल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर नई पहचान बना रहा है। संस्था निदेशिका मनजीत ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम देना नहीं बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास देना ही संस्थान की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में छात्रा अंशुल गुर्जर, गरिमा गुर्जर, हिमांशी एवं जयंती को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अंशुल गुर्जर को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इसके अलावा कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। समारोह में अमित ठोलिया, सरदारमल सिंह, सुमेर सिंह, राजकुमार रोजड़िया, रामवीर चनेजा, शंभू, लालूप्रसाद छाबड़ी सहित ग्रामीण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बाबा पूरणमल की निकाली विशाल कलश यात्रा

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के नालपुर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पूरणमल धाम में आयोजित पांच दिवसीय मेले के तहत रविवार को भव्य एवं विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह कलश यात्रा नालपुर गांव से प्रारंभ होकर बिस्सा स्थित बाबा पूरणमल मंदिर तक श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा हाथों में धार्मिक ध्वज ध्वजा लेकर यात्रा की शोभा बढ़ाई गई। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु जय बाबा पूरणमल के जयघोष के साथ ध्वज लहराते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। यात्रा नालपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए बिस्सा मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश स्थापित किए गए। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई। मेला समिति के अनुसार कलश यात्रा मेले का प्रमुख आकर्षण होती है, जिसमें दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों, मेला समिति एवं युवा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर राजेश, कृष्ण, मोहन, बलबीर, दुलीचंद, महेंद्र, सज्जन, विजेंद्र, घनश्याम, नीरज, पंकेश, प्रदीप, सत्यपाल, अजय, योगेंद्र सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# नेत्र जांच शिविर आयोजित




निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** स्वामी रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द स्मृति मंदिर में रविवार को निःशुल्क ऑखों का शिविर लगाया गया। मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। शिविर में जयपुर के सहाय नेत्र रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 138 रोगियों की जांच की जाकर 56 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया। मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने बताया कि रामकृष्ण मिशन द्वारा सामाजिक सरोकार की पहल करते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाता है, जो गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामाजिक सरोकार में रामकृष्ण मिशन अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। जिसमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को मानते हुए महिलाओं को निःशुल्क सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वही बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन द्वारा गरीबों में समय-समय पर वस्त्र व अन्य घरेलू सामग्री वितरित कर स्वामी विवेकानंद के कार्यों को चरितार्थ कर रहा है। रामकृष्ण मिशन में आने वाले हर व्यक्ति की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही समाधान करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण मिशन के सदस्य स्वामी विवेकानंद के बताए हुए मार्ग पर चलकर गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में अग्रिम पंक्ति में खड़े हुए है। रामकृष्ण मिशन की ओर से कार्यक्रम के दौरान 138 लोगों को कंबल वितरण भी किया गया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद महाराज, कालीचरण गुप्ता, कृष्ण कुमार, सुरेश सैनी, गोपी राम, महेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# व्यक्ति ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के जसरापुर में शनिवार देर रात को एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। घटना से पहले मृतक ने अपने भांजे को फोन कर एक व्यक्ति द्वारा गोली मारने की धमकी देने की बात बताई थी। मृतक के बेटे आदित्य ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि गांव जसरापुर में उसके पिता योगेश शर्मा उर्फश्याम पुत्र नथमल ने मेडिकल की दुकान कर रखी थी। गांव की एक महिला अक्सर उसके पिता की दुकान पर दवाई लेने के लिए आती थी। ढाणी ढेरवाला तन जसरापुर निवासी मुकेश गुर्जर को इस बात से चिढ़ थी कि वह महिला दुकान पर क्यों जाती है। इस बात को लेकर मुकेश द्वारा पहले भी उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी गई थी।



शनिवार को महिला व मुकेश ने षड्यंत्र रचकर उसके पिता योगेश को महिला के घर बुला लिया। इस दौरान मुकेश ने मृतक योगेश को गोली मारने की धमकी दी। जिस पर मृतक ने पुलिस में बारां में तैनात भांजे पंकज को फोन किया तथा मुकेश द्वारा गोली मारने की बात बताई। इसके बाद योगेश ने महिला के घर पंखे से लटक कर सुसाइड कर लिया। मृतक के बेटे ने बताया कि उसके पिता को महिला व मुकेश ने षड्यंत्रपूर्वक हत्या की है। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक योगेश के शव को पंखे से उतारकर खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। इस दौरान पुलिस ने अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाया है। मृतक अपने गांव में मेडिकल स्टोर का संचालन करता था। उसके दो बेटी शादीशुदा हैं तथा बेटा आदित्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। सूचना पर पूर्व सरपंच केदार खिंची, समाजसेवी झंडूराम गुर्जर सहित अनेक लोग अस्पताल में पंहुचे तथा पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। एएसआई विजय कुमार ने बताया कि परिजनों की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम करवाया गया है, मृतक के परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दिशा की बैठक 12 मई को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला विकास समन्वयक एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 12 मई को अपराह्न 3 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में अमराराम, सांसद सीकर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की अर्जित प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह कार्यक्रम संतों के सानिध्य में आयोजित होगा। सुबह 9 बजे दास बालाजी मंदिर, नेशनल हाईवे 11 बस स्टैंड से गौ भक्त एवं सनातन प्रेमी एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचेंगे, जहां ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज एवं भोला बाबा बगीची के संत सुरजीत नाथ महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में गौ भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

# डस्टबिन नहीं मिलने पर काटे दुकानदारों के चालान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगर परिषद के कार्यवाहक आयुक्त गिरधारी लाल पारीक के निर्देशानुसार बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार खुले में कचरे डालने और दुकान पर डस्टबिन ना रखने हेतु 4700 रुपए के चालान किए गए। कार्यवाही के अंतर्गत गठित टीम में आर आई मुन्नालाल मीणा, एस आई ओमप्रकाश स्वामी, एस बी एम अभियंता भूपेन्द्र सिंह, समस्त जमादार शामिल रहे। टीम ने दुकानदारों को निर्देश दिए गए कि खुले में कचरा ना फैलाए और अपनी दुकान पर डस्टबिन रखें ताकि शहर में स्वच्छता बनी रहे।

# हॉर फॉर नेशन टीम ने चलाया स्वच्छता अभियान

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** हॉर फॉर नेशन टीम द्वारा बीकानेर के प्रमुख स्थल चौधरी भीम सेन सर्किल (श्री गंगानगर सर्किल) पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सर्किल क्षेत्र को पूरी तरह साफ करते हुए बैनर, धूल-मिट्टी एवं अन्य कचरे को हटाया गया। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भर कचरा मौके से उठाकर डंपिंग यार्ड भेजा गया, साथ ही अन्य बिखरे कचरे को भी व्यवस्थित रूप से साफ किया गया। यह सर्किल शहर का एक प्रमुख और व्यस्त स्थल है,



जहां बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन रहता है। ऐसे में यहां की स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। टीम के इस प्रयास से क्षेत्र में साफ-सफाई और व्यवस्था में स्पष्ट सुधार देखा गया, जिससे आमजन में भी सकारात्मक संदेश गया। हॉर फॉर नेशन के सदस्यों की विशेषता उनकी निरंतरता, अनुशासन और समर्पण है। यह एक ऐसा सक्रिय और समर्पित समूह है, जो केवल औपचारिकता तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर कार्य करता है। टीम के सदस्य बिना किसी प्रचार-प्रसार की अपेक्षा के नियमित रूप से श्रमदान कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बसंत, डॉ फारूक अहमद, डॉ रेखा श्रीवास्तव, सुरभि शर्मा, गजेंद्र सरीन, राजू ड्रेसर, अरुण चम, गुरमोहन सेठी, डॉ विशाल मलिक, माणक व्यास, मनोज सोनी सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# भंवर सिंह श्यामपुरा बने समाज के अध्यक्ष

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** रविवार को रावणा राजपूत समाज लाडनूं में तहसील अध्यक्ष पूर्ण सिंह झेकरिया का कार्यकाल पूर्ण होने पर नव निर्वाचित अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष भवरसिंह श्यामपुरा को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। इस मौके पर समाज के सभी सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें पूर्व अध्यक्ष पूर्ण सिंह झेकरिया, झाबर सिंह निम्बी जोधा, मोहन सिंह चौहान, ओम सिंह मोहिल, राजकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, राधेश्याम सांखला, कैलाश सिंह, श्याम सिंह, कान सिंह व अन्य समस्त गांवों के समाज के लोग मौजूद रहे।

# सौ कमरों वाले बालिका छात्रावास का हुआ शिलान्यास

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में रविवार को डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी ने झालाना डूंगरी स्थित परिसर में माता रमाबाई अम्बेडकर बालिका छात्रावास का शिलान्यास किया। प्रस्तावित चार मंजिला छात्रावास में 100 कमरे बनाए जाएंगे, जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समारोह की शुरुआत भूमि पूजन व शिलान्यास पट्ट के अनावरण से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस हनुमान प्रसाद, विधायक कालीचरण सर्राफ व राम चोरड़िया मौजूद रहे। विधायक सर्राफने बालिका शिक्षा को समाज की जिम्मेदारी बताते हुए विधायक कोष से



10 लाख रुपए देने की घोषणा की। सोसायटी अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने बताया कि यह परियोजना समाज के सहयोग से साकार हो रही है और इससे बालिकाओं को सुरक्षित आवास व बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। इस दौरान सोसायटी की नई वेबसाइट का भी लोकार्पण किया गया। परियोजना में 70 से अधिक भामाशाहों ने योगदान दिया, जिन्हें समारोह में सम्मानित किया गया।

छात्रावास में सुसज्जित कमरे, वेटिंग एरिया, रसोईघर व डाइनिंग हॉल सहित अन्य सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम में पीसी हाड़िया, रामेश्वर प्रसाद बैरवा, डॉ. चेतराम रायपुरिया, दयानंद सक्करवाल, केएल बैरवा, बीएल बैरवा, सुरेंद्र कुमार बेरी, सुनील नारनौलिया सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। संचालन विनोद वर्मा रलावता ने किया जबकि युवा नेता रवि मेघवाल, पूजा वर्मा व अजय डागर सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी निभाई।

## किसान जागृति रथ यात्रा का शंखनाद



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में चूरू जिले की सिंचाई और मूलभूत सुविधाओं की आवाज बुलंद करने के लिए हर खेत को नहर का पानी, हर खेत को रास्ता अभियान के तहत किसान जागृति रथ यात्रा का आगाज रविवार को ग्राम पंचायत चंगोई से हुआ। इस यात्रा के माध्यम से किसानों को एकजुट कर सिंचाई के पानी की हक की लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया गया। यात्रा चंगोई से रवाना होकर मिखाला, पण्ड्रेऊ ताल, पण्ड्रेऊ टिब्बा, झोथड़ा, बाय, देवगढ़, बनड़ा, भलाऊ ताल, भलाऊ टिब्बा एवं नेठवा ग्राम पंचायतों में पहुँची। हर गांव में ग्रामीणों ने रथ यात्रा और किसान नेताओं का भव्य स्वागत किया। इस दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए विभिन्न ग्राम इकाइयों का भी गठन किया गया। ?सभाओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सरकार की नीतियों और जिले में पानी के संकट पर अपनी बात रखी। ?मुकेश रामपुरा जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसान की सबसे पहली और बुनियादी जरूरत सिंचाई का पानी है। जब तक सरकार हर खेत तक नहर का पानी पहुंचाने की ठोस व्यवस्था नहीं करती, चूरू का किसान चैन से नहीं बैठेगा। ?शंकरलाल महर्षि प्रांत जल संरक्षण प्रमुख ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करना होगा। आग लगने के बाद कुआं खोदने से बेहतर है कि हम आज ही संघर्ष का रास्ता चुनें ताकि कल की पीढ़ी हमें दोष न दे।

इस अभियान का नेतृत्व यात्रा प्रभारी शंकरलाल महर्षि, संभाग मंत्री रामविलास कांधरान, जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा, तहसील यात्रा प्रभारी डॉ अंकुर कुलहरी, सह-प्रभारी इंद्राज नूईया और रथ सारथी सोनू कर रहे हैं।

### 30 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन

किसान जागृति रथ यात्रा के समापन के अवसर पर आगामी 30 अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे तहसील मुख्यालय तारानगर में एक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान हजारों की संख्या में किसान ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी ताकत दिखाएंगे और प्रशासन को मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगे।

## झुंझुनू से हज यात्रियों का जत्था रवाना



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय मिल्लत नगर स्थित वार्ड नंबर 17 से हज यात्रा के लिए 45 दिन के मक्का और मदीना के मुकद्दस सफर हज करने के लिए खान परिवार से जहूर अहमद खान, जुल्फेंन बानो, जंगसेर खान, शोस बानो को समाजसेवी ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्था के जिला अध्यक्ष उमर कुरैशी के नेतृत्व में सैकड़ों गणमान्य लोगों ने हज यात्रियों को मालाएं पहनाकर रवानगी देते हुए सभी ने यात्रियों से गुजारिश की। अपनी दुआओ में हमें याद रखने एवं मदीने वालों से हमारा सलाम कहना इस वर्ष हज यात्रा पर जिले भर से 60 लोग हज यात्रा करने गए। मक्का और मदीना में हज के तमाम अरकान पूरा करने और जल्दी से जल्दी हरम शरीफ़ और मदीना शरीफ़ के दीदार, सभी को सुकुन से हज यात्रा पूर्ण करने के लिए दुआएं की गई।

इस अवसर पर हाजी हाशिम कुरैशी, हाजी फारूक अलादीन, शोकत खान, रियाज़ फारूकी, मतलूब चायल, डॉ रियाज अहमद, तहसीन कुरैशी, शब्बीर गहलौत, नासिर कुरैशी, अनीस खान, डॉ तौफीक अली, रफीक कुरैशी, खादिम खान खोखर सहित मौजिज लोग मौजूद रहे।

## डूंगर बालाजी पहाड़ी पर सड़क हादसा, पति की मौत, पत्नी घायल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती डूंगर बालाजी पहाड़ी पर चढ़ते वक्त रविवार सुबह करीब 6 बजे एक कार अनियंत्रित होकर चट्टान से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार बुजुर्ग दम्पति गंभीर घायल हो गए, जिनको स्थानीय निवासी नरेंद्र सिंह, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भरत द्वारा सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रेमरतन सोनी पुत्र सुमेर मल सोन निवासी बीदासर को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्रेमरतन की पत्नी सोहनी देवी को गंभीर स्थिति के कारण प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सब लोग परिवार सहित रविवार सुबह डूंगर बालाजी दर्शन के लिए गए थे। बाकी सब तो पैदल ही ऊपर चढ़ रहे थे, पर मम्मी-पापा बुजुर्ग होने के कारण कार से ऊपर जा रहे थे कि अचानक ये हादसा हो गया। हादसे की वजह पूरी तरह से मालूम नहीं चली है पुलिस मामले की जाँच कर रही है। सूचना पर सदर पुलिस सुजानगढ़ के हेड कांस्टेबल हरफुल अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली।

# राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** रा.उ.मा. विद्यालय तारानगर के सभागार में राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा तारानगर का वार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी जीताराम जांदू के निर्देशन एवं प्रांतीय सयुंक्त मंत्री शुभकरण नैण के पर्यवेक्षण में संपन्न हुए चुनाव में सर्वसम्मति से बनवारीलाल फगेड़िया अध्यक्ष एवं इंद्राज स्वामी मंत्री निर्वाचित हुए। इनके अलावा ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी में जयप्रकाश स्वामी संरक्षक, अशोक कुमार यादव सभाध्यक्ष, जयसिंह कस्वां, कैलाश स्वामी उप सभाध्यक्ष, उम्मेद अली, प्रहलाद सहू, शीशपाल प्रजापत उपाध्यक्ष, मंगलचंद महला कार्यकारी अध्यक्ष, मदनलाल सहारण कार्यकारी मंत्री, महेंद्र आचार्य कोषाध्यक्ष, मांगीलाल गौड़ संगठन मंत्री, देवीलाल कस्वां प्रचार मंत्री, अनिता शेखू, रामेती महिला मंत्री, भगवानाराम सहारण संस्कृत प्रतिनिधि, रामनारायण शारीरिक शिक्षा प्रतिनिधि, ओमप्रकाश गोस्वामी प्रबोधक प्रतिनिधि, चन्दनमल घोटड़ पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि, दलीप लिलड़ माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि, धर्मपाल, मुकेश जांगिड़, रामसिंह पूनियां, हुकमाराम सहारण, चेतनराम प्रजापत को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। निर्वाचन से पूर्व हुए वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में कार्यकारी मंत्री मदन सहारण ने संगठन की वर्षभर की सांगठनिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र आचार्य ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन लिखमाराम ने किया। इस अवसर पर गोपीराम कस्वां, भागीरथ सहारण, रतनगढ़ उपशाखा अध्यक्ष भोजराज शर्मा, विनोद कस्वां, विजय पूनियां सहित संगठन के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

# राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में सफाई के अभाव में बदबू का आलम

### मृतक के साथ आने वाले परिजन परेशान

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में महीनों तक साफ सफाई नहीं की जाती है जिसके चलते मोर्चरी में हर समय बदबू आती रहती है और मृतक के साथ आने वाले परिजन और पुलिस कर्मियों को बदबू का सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि दुर्घटना में घायल मृतकों को जब राजकीय उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में लाया जाता है और उन्हें डी फ्रिज पर रखा जाता है तो उनका बिखरा खून कई दिनों तक साफनहीं किया जाता है जिसके चलते मोर्चरी में हर किसी का जाना भी मुश्किल रहता है। बदबू इतनी तेज आती है कि हर कोई न तो मोर्चरी के अंदर तक जा पता है और मोर्चरी के आसपास खड़ा रहना भी मुश्किल होता है। मृतक के साथ आए परिजन कई बार अस्पताल प्रशासन को इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं लेकिन अस्पताल प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। मोर्चरी में आलम यह रहता है कि खून से सने कपड़े तक भी मोर्चरी से बाहर नहीं डाले जाते हैं। पोस्टमार्टम में डॉक्टर द्वारा जो दस्ताने उपयोग में लिए जाते हैं वह दस्ताने भी मोर्चरी में ही बिखरे रहते हैं। इसी प्रकार मोर्चरी के पास पड़ी खुली जगह में भी गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कई महीनों बाद जब मोर्चरी की सफाई की जाती है तो मोर्चरी से निकलने वाला कचरा डस्टबिन में नहीं डालकर खुली जगह पर ही गिरा



दिया जाता है, जिसके चलते हर समय बदबू आती रहती है और मच्छरों का अंबार लगा रहता है। वार्ड 13 के विमल जम्मड़ ने बताया कि मोर्चरी के अंदर और मोर्चरी के पास खाली पड़ी जगह में हर समय गंदगी फैली रहती है जिसके चलते यहां पर हर समय बदबू का आलम बना रहता है। उन्होंने कहा कि हमने अस्पताल प्रशासन को कई बार अवगत भी करवाया लेकिन इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने मोर्चरी में नियुक्त कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि पोस्टमार्टम के समय जो कर्मचारी यहां पर रहता है वह मृतक के शव को पॉलिथीन में पैक करने और पॉलिथीन के नाम पर मृतक के परिजनों से पैसे भी लेता है। वही जब हमने अस्पताल प्रभारी से मामले में बात करने की कोशिश की तो अस्पताल प्रभारी अस्पताल में नहीं मिले।

## ऋषभ पारेख सिद्धहेमव्याकरण रत्न विभूषण से सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** संस्कृत व्याकरण विशेषज्ञ व शिक्षक ऋषभ पारेख का सिद्धहेमव्याकरण रत्न विभूषण से सम्मानित किया गया। शिवगंज सिरोही निवासी ऋषभ पारेख का यह सम्मान शंखेश्वर जैनतीर्थ गुजरात में जैनाचार्य सिद्धहस्त लेखक विजय पूर्णचन्द्र सूरीश्वर महाराज और रुतरक्षा प्रेरक विजय युगचन्द्र सूरीश्वर के सानिध्य में रुततीर्थ के ट्रस्टी गौतमभाई सांखला और शिवगंज जैन संघ अध्यक्ष प्रवीण ने सुवर्ण मुद्रिका स्मृति चिह्न व 1 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर राजस्थान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बधाई दी। श्री जीरावला पार्श्वनाथ तीर्थ के महामंत्री प्रकाशजी सीरोडीवाले, श्री नाकोडातीर्थ जैन ज्ञानशाला के प्राचार्य नरेन्द्रकोरडिया, ऐन्टी टेररीस्ट फ्रन्ट के चेयरमेन मनिंदरजीत सिंह



बिट्टा, जयनारायण मीणा, सुविख्यात रमेशभाई ओझा, संस्कृत भारती-गुजरात, हेमचन्द्राचार्य संस्कृत पाठशाला गुरुकुलम् साबरमती के डायरेक्टर जितेन्द्र शाह, ललित नाहटा-नई दिल्ही ने स्वहस्ताक्षर सह हार्दिक शुभकामना अभिनंदन पत्र भेंट कर पारेख का सन्मान किया था। इस दौरान जैनाचार्य युगचन्द्र सूरि महाराज, ज्ञानदाता मूलशंकर ने संबोधित किया। संचालन कुणाल भाई ने किया।

## लुप्त होती मैजिक कला को संरक्षित करना हमारा ध्येय : जादूगर विराट



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लुप्त होती जादू की कला को पुनर्जीवित करने और इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से शहर के मूनलाइट सिनेमा हॉल में जादूगर विराट द्वारा मैजिक शो का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मीडिया ब्रीफ करते हुए जादूगर विराट ने इस प्राचीन कला के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। जादूगर विराट सीनियर ने बताया कि यह कला उनके परिवार की विरासत है। उनके पिता ने जादू के माध्यम से लोगों का मनोरंजन शुरू किया था, जिसे उन्होंने आगे बढ़ाया और अब उनकी तीसरी पीढ़ी के रूप में सोनू सोनी इस विरासत को संभाल रहे हैं। मात्र 17 वर्ष की आयु में सोनू ने कई बड़े सम्मान प्राप्त किए हैं, जिनमें अभिमन्यु अवार्ड और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज होना शामिल है। इस बार शो में कई नए और आधुनिक आइटम जोड़े गए हैं, जो बच्चों और बड़ों दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया यह आकर्षण रोमांच से भर देगा। एक व्यक्ति को बीच से काटकर अलग करने वाला रोंगटे खड़े कर देने वाला जादू के साथ कई अन्य ऐसे आकर्षक प्रोग्राम जो दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर देंगे। संबोधन के दौरान जादूगर विराट सीनियर ने थोड़ा दर्द साझा करते हुए कहा कि जहाँ वे और उनके जैसे कुछ जादूगर इस मरती हुई कला को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जनता से इस कला को प्रोत्साहित करने की अपील की। मैनेजर हीरालाल ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए रियायत के साथ जादू के शो दिखाए जायेंगे।

## एरिया डोमिनेशन अभियान : 21 लोगों को किया गिरफ्तार

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शनिवार सायं तक एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संचालित इस विशेष कार्रवाई का मुख्य लक्ष्य संगठित अपराधों पर लगाम लगाना है। अभियान के तहत उन व्यक्तियों को विशेष रूप से चिह्नित किया गया है, जिनके खिलाफ तीन या उससे अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब और हथियारों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के साथ-साथ ऐसे लोगों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है, जो बाहर बैठकर स्थानीय अपराधियों को सूचनाएं उपलब्ध करवाते हैं। थाना प्रभारी गौरव खिड़िया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक महिला सहित कुछ स्थाई वारंटी भी है। पुलिस की विभिन्न टीमें अब तक 21 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। पकड़े गए लोगों के मोबाइल डेटा और वित्तीय लेन-देन की गहन जांच की जा रही है, ताकि उनके नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

## अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ सुजानगढ़ पुलिस का कड़ा प्रहार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ऑपरेशन नकेल व एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्यवाही की है। प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्यवाही के तहत एनडीपीएस एक्ट व आबकारी एक्ट में अवैध गांजा व अवैध शराब बरामद कर महिला मुल्जिमा सहित 2 को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि 24 अप्रैल को उद्घोषित अपराधी, भगौड़े, स्थाई वारटियों, टॉप-10 सक्रिय वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, सम्पति सम्बन्धी अपराध करने वाले आदतन अपराधियों, साधारण/गम्भीर अपराधों में वांछित अपराधियों, गिरफ्तारी वारन्टी, विगत 5 वर्षों में जिनके खिलाफ 3 या 3 से अधिक गम्भीर प्रकृति के मामले अपराध दर्ज हुए है एवं गैंग्स के सक्रिय सदस्यों को टारगेट करते हुये उनके रिहायशी/संभावित ठहरने के स्थानों पर दबिश दी जाकर



उनके विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा का कार्यवाही हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया गया। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, उप अधीक्षक दरजाराम बोस के निर्देशन में कोतवाली थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार के नेतृत्व में अलग-अलग 5 टीमें गठित की गयी।

जिनमें कुल 30 अधिकारी व मुलाजमान सम्मिलित रहे। प्रथम टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर रामस्वरूप द्वारा संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जाकर मुल्जिम अनील सांसी के कब्जे से अवैध गांजा 5 किलो 698 ग्राम, 16 बोतल बीयर व 15 पव्वे देशी शराब के बरामद कर गिरफतार किया धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 19/54 आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार द्वितीय टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर पप्पूराम द्वारा संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी जाकर महिला मुल्जिमा रूकमा के कब्जा से अवैध शराब अंग्रेजी व देशी विभिन्न ब्राण्ड के कुल 50 पव्वे जब्त कर गिरफ्तार किया आबकारी एक्ट में दर्ज किया गया। अन्य टीमों द्वारा कस्बा सुजानगढ़ में थाना इलाका के एच.एस. चालान सुदा अपराधियों को चैक किया गया, वांछित भगौड़ों एवं स्थायी वारण्टीयों के संभावित स्थानों पर दबिश दी जाकर तलाश की गयी। कार्यवाही कने वाली टीम में एएसआई नरेन्द्र कुमार, एएसआई जगदीश कुमार भी शामिल रहे। आपको बता दें कि पुलिस थाना सुजानगढ़ टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ एवं शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक माह में एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 कार्यवाही तथा आबकारी एक्ट के तहत 7 कार्यवाही कर प्रकरण दर्ज किये गये हैं।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाला गिरफ्तार

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** पुलिस ने कस्बे में एक लड़की को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी झेरली निवासी भवानी सिंह पुत्र शेर सिंह है। मामले के जांच अधिकारी ललित शर्मा ने बताया कि कस्बे में 22 अप्रैल को एक लड़की ने आत्महत्या कर ली थी। इस सम्बंध में मृतका के पिता ने पुलिस में युवक पर उसकी लड़की को बार बार फोन कर परेशान करने तथा आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज करवाया था। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच में जानकारी मिली की आरोपी झेरली निवासी भवानी सिंह मृतका को अलग-अलग फोन नम्बरों से फोन कर शादी का दवाब डाल रहा था। जबकि लड़की उस के नम्बर को ब्लॉक कर रही थी। घटना के दिन भी आरोपी ने मृतका को वीडियो कॉल कर शादी करने का दवाब डाला था। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## रोगी के लिए योग दवा का काम करता है



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पतंजलि योग समिति द्वारा बड़ागांव के खेल मैदान परिसर में एक दिवसीय योग शिविर में पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार ने उपस्थित साधकों को रोगानुसार योगाभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग से स्वस्थ व्यक्ति का स्वास्थ्य बराबर बना रहता है जबकि रोगी के लिए योग दवा का काम करता है। शिविर संयोजक रामजीलाल सैनी ने बताया कि योग शिक्षक पवन कुमार ने 67 वर्ष की आयु में अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर गाँव वालों ने पवन कुमार का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जिला संघ चालक मान सिंह, जिला परिषद सदस्य अजय भालोठिया, पूर्व तहसीलदार मंगल चंद सैनी, राधेश्याम तानोनिया, मूलचंद गहन, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, जाट महासभा के प्रदेश सचिव सुभाष खेरवा, बाबूलाल तनोनिया, किशोरी लाल कुमावत, सागर जांगिड़, विनोद शर्मा, जयरेश राज शेखावत, मनोज कुमार, सुशील दहिया, कृष्ण मुरारी, दलीप सिंह, हनुमान प्रसाद, श्रवण सैनी, कुसुम सैनी, संदीप स्वामी, राजेंद्र कटारिया भी उपस्थित थे।

## जवाहर कला केंद्र बना साहित्यिक संगम : चार कृतियों का विमोचन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में माधव सिंह पालावत शोध प्रतिष्ठान हरमाड़ा जयपुर की ओर से रविवार को चार पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में साहित्य एवं शोध से जुड़े साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर माधव सिंह पालावत लिखित पुस्तक आवड़ कथा अनन्त तथा श्बरवड़ी अन्नपूर्णा एवं शीशोपहारी बारू, डॉ. शेफालिका पालावत लिखित



श्बारहठ ईसरदास : हरिरस एवं गुण निन्दा स्तुति व डॉ. सीमंतिनी पालावत लिखित भारतीय भाषाओं का नारी रचित प्रथम महाकाव्य मेहाई करणी का लोकार्पण किया गया। प्रो. अर्जुन देव चारण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय ज्ञान और चारण परंपरा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. अम्बा दान रोहड़िया बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। माधव सिंह पालावत, डॉ. शैफालिका पालावत, डॉ. सीमंतिनी पालावत नेअपनी कृतियों की पृष्ठभूमि का परिचय करवाया। डॉ. प्रकाश दान चारण, डॉ. दिनेश चारण ने शोध पत्रों का वाचन किया। वहीं डॉ. रूप सिंह बारैठ, जय भारत सिंह, डॉ. राजेन्द्र सिंह बारहठ ने राजस्थानी साहित्य पर अपने विचार रखे। माधव सिंह पालावत ने कहा कि श्मेहाई करणी राजस्थानी भाषा की मान्यता की आधारशिला बनेगी। मेहाई करणी भारतीय भाषा में किसी महिला द्वारा रचित प्रथम महाकाव्य है जिसमें करणी माता की महिमा का बखान किया गया है। इस रचना में अनुपम साहित्यिक सौंदर्य झलकता है जो यह दर्शाता है कि राजस्थानी भाषा कितनी समृद्ध है। वहीं आवड़ कथा अनन्त शक्ति का पूर्णावतार मानी जाने वाली भगवती आवड़ की दिव्य कथा है, बरवड़ी अन्नपूर्णा एवं शीशोपहारी बारू द्वारा चितौड़ में महाराणा हम्मीर के शासन की पुनर्स्थापना की कहानी वर्णित है। बारहठ ईसरदास : हरिरस एवं गुण निन्दा स्तुति में राजस्थान व गुजरात में मान्यता प्राप्त प्रसिद्ध भक्त कवि ईसरदास बारहठ के कृतित्व को दर्शाया गया है।

## सम्पादकीय

# क्षुद्र राजनीति पर प्रहार



पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी अप्रकाशित पुस्तक को लेकर उपजे विवाद को लेकर जो कुछ कहा, उससे न केवल उस दुष्प्रचार पर विराम पर लगा, जिसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अनावश्यक तूल दे रहे थे, बल्कि यह भी साफ हुआ कि चीनी सेना भारतीय जमीन पर अतिक्रमण करने में नाकाम रही थी। वैसे वे पहले भी यह कह चुके थे कि भारत ने चीन के हाथों एक भी इंच जमीन नहीं खोई और गत दिनों फिर से यही बात दोहराई, लेकिन राहुल गांधी इस पर यकीन करने को तैयार नहीं थे। वे बार-बार यही दुष्प्रचार कर रहे थे कि चीन ने हमारी जमीन हथिया ली और प्रधानमंत्री कुछ भी नहीं कर पाए। बाद में वे जनरल नरवणे के कथ्य को गलत तरीके से प्रस्तुत करने लगे। संसद के बजट सत्र में तो वे तब हद ही पार कर गए, जब उन्होंने जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के एक पत्रिका में छपे अंश की मनचाही व्याख्या की आड़ में प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने और यह समझाने की कोशिश की कि जब तत्कालीन सेना प्रमुख उनसे चीनी सेना की आक्रामकता पर निर्देश मांग रहे थे तो उन्होंने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।

राहुल ने प्रधानमंत्री की ओर से सेना प्रमुख को दिए गए इस स्पष्ट निर्देश की शरारतपूर्ण ढंग से व्याख्या की कि जो उचित समझें, वह करें। वे यहीं तक सीमित नहीं रहे। वे संसद परिसर में जनरल नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक की तथाकथित प्रति भी लहराने लगे।

राजनीति में जब आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला कायम होता है, तो उसमें दुष्प्रचार का भी कुछ अंश शामिल होता ही है, लेकिन यह तो गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा है कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए ऐसा झूठ प्रचारित किया जाए कि सीमा पर संकट के समय सेना और सरकार में सामंजस्य नहीं था। सीमाओं की सुरक्षा और सेना को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करना राष्ट्रीय हितों की अनदेखी ही नहीं, क्षुद्र राजनीति भी है।

यह अच्छा हुआ कि जनरल नरवणे ने राहुल गांधी की ओर से उनकी अप्रकाशित पुस्तक की कथित प्रति लहराने और उनके साथ-साथ सेना को विवादों में घसीटने को अनुचित आचरण की संज्ञा देने में संकोच नहीं किया। उन्होंने यह कहकर भी एक तरह से राहुल को आईना ही दिखाया कि यदि आपको प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सेना प्रमुख की बातों पर भी भरोसा नहीं है तो चीन से पूछ लीजिए। इसमें संदेह है कि पूर्व सेना प्रमुख की इन खरी बातों से राहुल अपनी गलती समझेंगे और उनकी सेहत पर कोई असर पड़ेगा, क्योंकि किसी भी मामले में वे अपनी मनगढ़ंत धारणा को सही सिद्ध करने की कोशिश करते रहने के आदी हो चुके हैं। वास्तव में इसी कारण वे अनावश्यक विवादों में घिरते रहते हैं।

## विशेष आलेख

# ममता बनर्जी का अदालतों से फटकार खाने का रिकार्ड

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने एक अनूठा रिकार्ड बनाया है। यह रिकार्ड है, अदालतों से फटकार खाने का। देश में शायद ही किसी राज्य की ऐसी सरकार होगी, जिसने अदालतों से ममता सरकार की जितनी डांट खाई होगी। आश्चर्य की बात यह है कि दर्जनों मामलों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से लताड़ खाने के बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तेवरों में कोई अंतर नहीं आया है। देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं से टकराने का ममता का रवैया ऐसा है मानों पश्चिम बंगाल भारत का नहीं बल्कि पाकिस्तान का हिस्सा हो।



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में उपद्रवियों द्वारा तीन महिलाएं सहित सात न्यायिक अधिकारियों को अवैध रूप से बंधक बनाए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि यह घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने का एक घिनौना प्रयास है, बल्कि यह इस न्यायालय के अधिकार को भी चुनौती देती है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मालदा जिला मजिस्ट्रेट और एसएसपी को कारण बताने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले की सीबीआई/एनआईए जांच का आदेश दिया। आश्चर्य की बात यह है कि मुख्यमंत्री ममता ने अफसरों की गलती नही मानने के बजाए जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए आरोपों का सारा ठीकरा चुनाव आयोग के सिर फोड़ने का प्रयास किया। इससे पहले बंगाल में चल रहे मतदाता सूची के स्पेशल इन्टेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस की आपत्तियों पर फटकार लगाई थी। केंद्र की भाजपा सरकार किसी सरकारी योजना का चुनावी फायदा नही उठा ले, इसी मंशा से ममता सरकार ने कोलकाता मेट्रो प्रोजेक्ट में रोड़े अटकाने में कसर बाकी नहीं रखी, आखिरकार सुप्रीम कोर्ट की झाड़ खाने के बाद ममता सरकार परियोजना से बाधाओं को हटाने के लिए मजबूर हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने 23 मार्च को कोलकाता मेट्रो रेल परियोजना के एक गलियारे के निर्माण में रोड़े अटकाने को लेकर ममता सरकार को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ ने बंगाल सरकार की याचिका खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट को परियोजना की निगरानी करने का निर्देश दिया था। पीठ ने यह भी कहा, हाई कोर्ट ने राज्य सरकार प्रति काफी उदारता दिखाई है। शीर्ष अदालत ने गहरी नाराजगी जताते हुए यहां तक कह दिया कि यह ऐसा मामला था, जिसमें आपके मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तमाम संवैधानिक हदें लांघते हुए ऐसा काम किया, जिसे आजाद भारत के इतिहास में कोई मुख्यमंत्री करने का दुस्साहस नहीं कर सका। ईडी ने राजनीतिक रणनीति बनाने वाली मशहूर फर्म इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बीच में ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां मौजूद एक फाइल अपने साथ ले गईं। इस मुद्दे ईडी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर सख्त टिप्पणी की। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कहा कि किसी मुख्यमंत्री को जबरन उस जगह में घुसते देखना सुखद नहीं है, जहां केंद्रीय जांच एजेंसी जांच कर रही है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी की जांच में दखल नहीं दिया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि जब राज्य सरकार को सिलेक्शन में गड़बड़ी का पता चल चुका था, तो शिक्षकों की अतिरिक्त पद पर नियुक्ति क्यों की गई। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने बंगाल सरकार से पूछा-अतिरिक्त पद बनाने का उद्देश्य क्या था। गड़बड़ी का पता लगने के बावजूद आपने दागी उम्मीदवारों को बाहर क्यों नहीं किया। दाल में कुछ काला है या सब कुछ काला है। पश्चिम बंगाल के स्कूल सेवा आयोग में शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। पेशे से मॉडल अर्पिता के घर से 49 करोड़ कैश और करोड़ों की ज्वेलरी मिली थी। साल 2024 में संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और जमीन हथियाने व राशन घोटाले से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार किसी शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। शीर्ष अदालत ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी को खारिज कर दी थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि आरोपित शाहजहां शेख काफी प्रभावी व्यक्ति हैं और उसका सत्ताधारी दल से संबंध है। राज्य की पुलिस ने उसे बचाने के लिए लुका-छिपी का खेल खेला।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर के रेप और मर्डर केस को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को जमकर फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने एफआईआर से लेकर पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को दूसरे कॉलेज में नियुक्त किए जाने तक अपनी नाराजगी जताई। इसके साथ ही सीबीआई और बंगाल सरकार से जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा था। कोर्ट ने ये भी पूछा कि क्या प्रिंसिपल ने हत्या को आत्महत्या बताया? सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कई गंभीर सवाल किए थे।

11 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने फ़िल्म भविष्येर भूत पर प्रतिबंध के मामले में ममता सरकार को फटकार लगाते हुए 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने ममता बनर्जी सरकार को कहा कि वे 20 लाख रुपये बांग्ला फिल्म निर्देशक अनिक दत्त और सिनेमा हॉल के मालिकों को दें। दरसअल पश्चिम बंगाल में भविष्येर भूत पर बिना वजह प्रतिबंध को लगाए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। गौरतलब है कि इस फिल्म में कथित तौर पर राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल काग्रेस समेत अन्य राजनीतिक पार्टियों पर कटाक्ष किया गया था। इसी वजह से फिल्म रिलीज होने के एक दिन बाद इसे राज्य भर के सभी सिनेमा हॉल से हटा दिया गया था।

अदालतों की इन तमाम नजीरों से साबित होता है कि ममता बनर्जी मनमाने तरीके से शासन चलाने की आदी हैं। देश में दूसरे राज्यों में भी गैरभाजपा दलों की सरकारें हैं, किन्तु उनका रवैया पश्चिम बंगाल सरकार जैसा नहीं है, जिन्हें बार—बार संवैधानिक संस्थाओं से टकराव को लेकर अदालतों की फटकार खानी पड़ती हो। हालांकि विपक्षी दलों की सरकारों की राज्यपाल और दूसरे मुद्दों पर केंद्र सरकार से तनातनी रही है, किन्तु बात—बात पर अदालतों तक जाने की नौबत नहीं आई। देश और राज्यों के लोकतंत्र का तकाजा यही है कि ममता बनर्जी को अदालतों के निर्णय और निर्देशों से सीखने की जरूरत है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बर्फ वाला पानी पीने से सेहत को हो सकते हैं यह नुकसान

गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग ठंडी चीजों का सेवन करने लगते हैं। चिलचिलाती धूप से घर वापस आने के बाद लोग तरह-तरह की ड्रिंक्स पीते हैं। जिसमें ठंडा पानी, लस्सी, छाछ, जूस, नारियल पानी, आम पन्ना आदि शामिल हैं। गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए लोग फ्रिज का ठंडा पानी पसंद करते हैं। ठंडा पानी पीने से शरीर को तुरंत ठंडक मिलती है और शरीर में ताजगी आती है। गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी का सेवन करना चाहिए। लेकिन आपने अक्सर कुछ लोगों को बर्फ वाला पानी पीते देखा होगा। कुछ लोग फ्रिज से एकदम चिल्ड पानी निकालकर पीने लगते हैं या पानी में बर्फ डालकर पीते हैं। गर्मी में ठंडा पानी पीने में भला ही बहुत अच्छा लगता हो, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे आपको कई तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



### पाचन को नुकसान पहुंचता है

बर्फ वाला पानी पीने से आपको पाचन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, ठंडे पानी को पचने में बहुत अधिक समय लगता है। यह भोजन की पाचन क्रिया में बाधा उत्पन्न करता है। अगर खाना खाते समय आप ठंडे पानी का सेवन करते हैं, तो इससे शरीर खाना पचाने की जगह उस ऊर्जा का इस्तेमाल पानी के तापमान को सामान्य करने में लगा देता है। इसलिए कभी भी खाना खाते समय ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

### गले से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं

बर्फ वाला पानी पीने से शरीर में ज्यादा मात्रा में बलगम बनने लगता है। इससे गले में खराश, कफ, सर्दी- जुकाम और गले में सूजन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। जिन लोगों को सांस संबंधी परेशानी हो, उन्हें बर्फ का पानी पीने से परहेज करना चाहिए।

### सिरदर्द

धूप से आकर बर्फ वाला पानी पीने से सिरदर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, ठंडा पानी पीने से स्पाइन की नर्व्स को ठंडक पहुंचती है, जिसका प्रभाव दिमाग पर पड़ता है। इसकी वजह से सिर में दर्द होने लगता है। जो लोग साइनस की समस्या से ग्रसित हैं, उन्हें भूलकर भी बर्फ वाले पानी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे उनकी स्थिति गंभीर हो सकती है।

### बवासीर हो सकता है

अगर आप लंबे समय तक बर्फ वाला पानी पीते रहते हैं, इससे बवासीर यानी पाइल्स की समस्या हो सकती है। दरअसल, बहुत अधिक ठंड में चीजें जमने लगती हैं। ठीक इसी तरह, बर्फ वाला पानी पीने से मल सख्त हो जाता है, जिससे बवासीर की समस्या हो सकती है। बहुत अधिक ठंडा पानी पीने से आंत में घाव भी बन सकते हैं। इसकी वजह से आपको मल में खून और पेट में दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# घर पर आसानी से बनाएं मैंगो आइसक्रीम स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम खाने का अलग ही मजा होता है। बता दें कि गर्मी में आम से बनी आइसक्रीम खाना काफी पसंद किया जाता है। क्योंकि गर्मी में बाजार में आम की बहार आने लगती है। लेकिन गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता है तो शरीर में ठंडक घोलने वाली चीजें खाने की मांग बढ़ जाती है। आइसक्रीम भी गर्मियों में सबसे ज्यादा खाया जाता है। लेकिन अगर आप आम और आइसक्रीम का मजा एक साथ लेना चाहती हैं। तो आप घर पर मैंगो आइसक्रीम ट्राई कर सकती हैं। बता दें कि बच्चों से लेकर बड़ों तक को मैंगो आइसक्रीम का स्वाद बेहद पसंद आएगा। ऐसे में अगर आप घर पर मैंगो आइसक्रीम बनाना चाहती हैं तो इसे बनाने की विधि काफी आसान है। इसके लिए आप सबसे पहले अच्छे आमों का चयन कर लें। इसे आप घर पर आसानी से बनाकर तैयार कर सकती हैं।



**ऐसे बनाएं मैंगो आइसक्रीम :** गर्मी के मौसम में मैंगो आइसक्रीम न सिर्फ आपके मुंह का जायका बदलती हैं, बल्कि शरीर में भी ठंडक घोलने का काम करती है। मैंगो आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले अच्छी क्ववालिटी वाले आम लें। अब इन्हें धोकर टुकड़ों में काट लें। फिर मिक्सर में आम के टुकड़ों और चीनी को सॉफ्ट होने तक पीस लें। मिश्रण को एक बाउल में निकालकर उसमें दूध, कंडेन्स्ड मिल्क और चीनी डालकर अच्छे से मिलाएं। जब सारी चीजें अच्छे से मिक्स हो जाएं तो एक एल्यूमिनियम के कंटेनर में इस मिश्रण को डाल दें। अब कंटेनर को पन्नी से कवर कर 6-7 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस दौरान यह मिश्रण आधा सैट हो जाएगा। फिर इसे फ्रिज से निकालकर दोबारा मिश्रण को सॉफ्ट होने तक पीसें। जब सारा मिश्रण दोबारा पिस जाए तो इसे फिर से कंटेनर में डालकर पन्नी से कवर कर दें। इस बार इसे फ्रिज में 10-12 घंटे के लिए रख दें। इस तरह से आइसक्रीम अच्छे से सेट हो जाएगी। जब यह हार्ड हो जाए तो सर्विंग बाउल में स्कूप कर आइसक्रीम निकाल लें।

# घर में बनाएं यह एलोवेरा हेयर मास्क, बालों की कई समस्याओं से छुटकारा मिलेगा

हर व्यक्ति किसी न किसी तरह की हेयर प्रॉब्लम से परेशान रहता है। किसी को हेयर फॉल होता है, तो किसी को डैंड्रफ की प्रॉब्लम होती है। वहीं, कुछ लोग बालों के रूखेपन की समस्या से ग्रस्त हैं, तो कुछ लोगों स्प्लिट एंट से परेशान हैं। जाहिर है, हर कोई इस तरह की समस्या से राहत पाना चाहता है। लेकिन, अक्सर लोगों इसलिए परेशान रहते हैं, क्योंकि बालों से जुड़ी हर तरह की समस्या के लिए अलग-अलग समाधान होते हैं। आज हम आपके लिए बालों सात तरह की अलग-अलग समस्याओं के लिए एक समाधान लाए हैं। यह है, एलोवेरा। यह एक बेहतरीन घरेलू उपाय के तौर पर जाना जाता है। एलो वेरा विटामिन, फोलिक एसिड, एंजाइम और मिनरल्स से भरपूर है।

### एलोवेरा हेयर मास्क फ्रीजी बालों के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने फ्रीजी बालों को भी सॉफ्ट और शाइनिंग बना सकते हैं। इसके लिए, आपको चाहिए तीन चम्मच एलोवेरा जेल और एक अंडा। इन दोनों को चम्मच की मदद से मिक्स कर लें। इसके बाद, हेयर ब्रश की मदद से इस मिश्रण को सिर पर अप्लाई करें। आधे घंटे के लिए मिश्रण को लगा रहने दें। अब, अच्छी तरह से शैंपू से हेयर वॉश करें ताकि अंडे की स्मेल बालों में न रहे। ये दोनों ही ऐसे प्रोडक्ट है, जो बालों को पोषण देते हैं, जिससे आपके ड्राई और फ्रीजी बालों से छुटकारा मिलता है।

### एलोवेरा हेयर मास्क डैंड्रफ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क की मदद से आप अपने रूखे और बेजान बालों में भी जान भर सकते हैं। इसके लिए, आापको चाहिए दो-दो चम्मच एलोवेरा जेल और दही। विशेषज्ञों की मानें, तो दही में प्रोबायोटिक्स होता है, जो डैंड्रफ की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इस मिश्रण से बाल शाइनी भी बनते हैं। अगर आपके बाल काफी ज्यादा रूखे हैं, तो



इस मिश्रण में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और एक चम्मच शहद भी मिक्स कर सकते हैं। इससे बालों की डैंड्रफ पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क हेयर ग्रोथ के लिए

एलोवेरा हेयर मास्क का इस्तेमाल बालों की ग्रोथ के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए, आपको चाहिए रात भर भीगे हुए मेथी दाने का पेस्ट और तीन चम्मच दही। दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को बालों में लगाएं। आधे घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगाकर रखें। इसके बाद, हेयर वॉश कर लें। इस मिश्रण को रेगुलर बेसिस पर अप्लाई करें। इससे हेयर ग्रोथ तेजी से होगी।

### एलोवेरा हेयर मास्क बालों को मॉइस्चराइज करने लिए

बालों का रूखापन एक सामान्य समस्या है। ऐसा बालों में तेल न लगाने और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल न करने की वजह से ऐसा होता है। आप बालों को ऐलोवरो की मदद से मॉइस्चराइज कर सकते हैं। इसके लिए, जरूरी है कि आप एक एलोवेरा के पत्ते से जेल निकाल लें और दो केले छील लें। इन दोनों को आपस में अच्छी तरह मिक्स कर लें। आप इन्हें मिक्स करने के लिए ब्लेंडर का यूज कर कसते हैं। अब इस मिश्रण को अपने साफ बालों पर अप्लाई करें। दो घंटे के लिए मिश्रण को बालों पर लगे रहने दें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

## आज का राशिफल

### मेष

घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

### वृष

रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मिथुन

शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी।

### कर्क

चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं।

### सिंह

पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। साहस, पराक्रम बढ़ेगा। विश्वासप्रद माहौल रहेगा।

### कन्या

पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

### तुला

प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। लाभ होगा। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें। विवाद सुलझेंगे।

### वृश्चिक

चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

### धनु

विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

### मकर

पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

### कुंभ

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी।

### मीन

फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में तरक्की होगी।

## वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में रवीना टंडन करेगी सम्मानित




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री कल्पतरु संस्थान के 31वें वार्षिक उत्सव के तहत 6 मई को शहर के होटल क्लार्क्स आमेर में वृक्ष मित्र सम्मान समारोह 2026 आयोजित होगा। दोपहर 2 बजे होने वाले इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पद्मश्री रवीना टंडन सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियां पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेंगी। समारोह में चयनित प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और नगद राशि प्रदान की जाएगी। संस्थान के अनुसार देशभर से करीब एक हजार पर्यावरण कार्यकर्ता इस आयोजन में भाग लेंगे। ट्री मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् विष्णु लाम्बा ने मुंबई में रवीना टंडन को औपचारिक आमंत्रण दिया तथा उनके हाथों कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन करवाया। रवीना ने वीडियो संदेश जारी कर जयपुर आने की पुष्टि करते हुए संस्थान के कार्यों की सराहना की। संस्थान पिछले 31 वर्षों में एक करोड़ से अधिक पौधों का रोपण व संरक्षण कर चुका है। लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक 100 गांवों को पर्यावरणीय दृष्टि से आदर्श बनाया जाए। उल्लेखनीय है कि संस्थान बिना किसी सरकारी अनुदान के देश के 22 राज्यों और 13 देशों में सक्रिय है तथा 150 से अधिक पर्यावरणीय अभियानों का संचालन कर रहा है।

## घरों की सप्लाई में आया सीवरेज का बदबूदार पानी

### विभाग के खिलाफ वार्डवासियों ने जताया रोष



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल सप्लाई के दौरान घर के नलों में गंदा, सीवरेज का बदबूदार पानी सप्लाई होने से वार्डवासियों ने रोष जताया। वार्ड पार्षद रुखसार बानो ने बताया कि तेली रोड, हरिजन बस्ती, गली नंबर 16, गली नंबर 18, वार्ड संख्या 31 और 34 में करीब दस दिनों के इंतजार के बाद पेयजल सप्लाई की गई। लेकिन उसमें भी झागदार और सीवरेज का गंदा पानी नलों में आ गया जिससे घरों में स्टॉक किया हुआ पानी भी खराब हो गया है। अजहरुद्दीन बड़गुजर का कहना है कि गली नंबर 18 व गली नंबर 16 में लंबे समय से सप्लाई से कुछ देर पहले तक गंदा पानी आता है। जिसका समाधान नहीं किया जा रहा। स्थानीय निवासी शाकिर, मुन्नी बानो, गोपाल, नदीम, गणेश और प्रहलाद आदि ने बताया कि पिछले दो दिनों से लगातार सप्लाई में गंदा पानी आ रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### इधर पानी को तरस रहा शहरी व ग्रामीण इलाका

लाडनूं शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। लाडनूं उपखंड के अनेक क्षेत्र में पानी की नियमित सप्लाई नहीं होने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। यहां दस से 15 दिनों के इंतजार के बाद भी घरों में सप्लाई नहीं मिल रही। रविवार को लाडनूं के दाधीच चौक में पानी के टैंकर से सप्लाई की गई। इस दौरान लोगों को घंटों तक कतारों में लगने के बाद बाल्टी भर पानी ही मिल पाया। इसके अलावा शहर के स्टेशन रोड, तेली रोड, रेलवे ब्रिज, जाट पंचायत स्कूल, शहरिया बास, मगरा बास, जाटों का बास, शिव मंदिर रोड, सैन मंदिर एरिया सहित मिठड़ी, कसुंबी नलिया बास, मालासी, रोडू सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है।

## गैंगस्टर गोदारा गैंग से जुड़े आरोपी एजीटीएफ के हत्थे चढ़े



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एजीटीएफ जयपुर ने संगठित अपराध के खिलाफकार्रवाई करते हुए करधनी इलाके से दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में सुजानगढ़ फायरिंग मामले में वांछित कृष्ण सिंह 31 निवासी रतनगढ़ चूरू और कई गंभीर मामलों में फरार लक्ष्मण सिंह 34 निवासी नावां सिटी डीडवाना-कुचामन शामिल हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएसए एजीटीएफ एवं एएनटीएफदिनेश एमएन ने बताया कि कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और पुलिस उप अधीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि कृष्ण सिंह वर्ष 2023 में चूरू के सुजानगढ़ स्थित जेडीजे ज्वैलर्स शोरूम में हुई फायरिंग की घटना में शामिल था और पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेन्द्र चारण के संपर्क में रहकर कारोबारियों को धमकाने व रंगदारी वसूली में शामिल था। वह परबतसर में हत्या के एक मामले में पहले जेल जा चुका है। वहीं दूसरा आरोपी लक्ष्मण सिंह भी आपराधिक प्रवृत्ति का है, जिसके खिलाफहत्या के प्रयास, चेन स्नेचिंग सहित 27 मामले दर्ज हैं। वह वैशाली नगर, मकराना और नावां सिटी थाना क्षेत्रों के मामलों में न्यायालय से फरार चल रहा था। एजीटीएफटीम दोनों आरोपियों से गिरोह के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है, जिससे बड़े खुलासे होने की संभावना है। इस सफल ऑपरेशन का नेतृत्व प्लाटून कमांडर सोहन सिंह ने किया। टीम में हेड कांस्टेबल महेश सोमरा, होशियार सिंह, प्रवीण कुमार, जुगन सिंह, महावीर सिंह तथा कांस्टेबल मोहित महला, जगदीप, जितेन्द्र और सुरेन्द्र शामिल रहे। पुलिस ने इसे संगठित अपराध के खिलाफबड़ी सफलता बताया है।

# युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष का करेगा भव्य ऐतिहासिक स्वागत : गोयल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के जयपुर आगमन को लेकर पूरे जयपुर शहर में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल है। उनके स्वागत में युवा मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत समारोह एवं ऐतिहासिक बाइक रैली का विराट आयोजन किया जा रहा है। जो जयपुर की सड़कों पर युवा शक्ति के अद्वितीय उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता का भव्य प्रदर्शन करेगा।

जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यह आयोजन केवल स्वागत नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती और युवा शक्ति के समर्पण का



विराट प्रदर्शन होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, ऊर्जा और पूर्ण समर्पण के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। अमित गोयल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि युवा मोर्चा सहित जिले के सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी निर्धारित विधानसभा क्षेत्रों में उपस्थित रहकर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भव्य स्वागत सुनिश्चित करें। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह बाइक रैली जयपुर में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक संदेश का संचार करेगी तथा युवाओं की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रथम जयपुर आगमन को ऐतिहासिक बनाने के लिए युवा मोर्चा पूरी ताकत के साथ जुटा है और प्रत्येक कार्यकर्ता इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए संकल्पित है। यह भव्य बाइक रैली में 5000 बाइक का काफिला चलेगा और दोपहर 2 बजे निर्धारित स्थान ओटीएस से रवाना होगी। सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे अनुशासन, एकरूपता और पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा को और अधिक भव्य बनाएं, ताकि जयपुर शहर के कार्यकर्ताओं की एकता, ऊर्जा और संगठनात्मक शक्ति का प्रभावशाली संदेश पूरे प्रदेश में जाए।

## राईका बने कांग्रेस ओबीसी विभाग के सीकर जिला प्रभारी



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरसहाय यादव ने रामवीर सिंह राईका को संगठन का सीकर जिला प्रभारी नियुक्त किया है। राईका वर्तमान में ओबीसी विभाग में प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह नवीन जिम्मेदारी सौंपी गई है। राईका पूर्व में भी संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जानकारों का मानना है कि राईका के अनुभव और सक्रियता से सीकर जिले में कांग्रेस का ओबीसी संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## टोकसिया की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में स्वर्गीय पांचीलाल टोकसिया की पुण्यस्मृति में रविवार को सैन भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चूरू के डॉ घनश्याम सैनी, बच्छराज, लालचंद मारू, भागीराम टोकसिया, मानाराम, सीताराम मारू, भजनलाल मारू, अभिषेक सोनी, राकेश दाधीच, करुण पारीक एवं एडवोकेट रोहित मारू के कर-कमलों से किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें 96 लोगों ने पंजीकरण करवाया और 74 यूनिट रक्त भरतीया हॉस्पिटल, चूरू की ब्लड बैंक द्वारा संग्रहित किया गया। आयोजन सैन समाज के तत्वावधान में हुआ जबकि रक्तवीर कॉल सेंटर, राजलदेसर ने सहयोग प्रदान किया। रक्तदान को लेकर समाज में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिल सकता है। शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विष्णु टोकसिया, नोरतमल नाई, नंदू सैनी सहित सैन समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित : बगड़ी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 27 अप्रैल सोमवार को राजस्थान प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला प्रदेश दौरा है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन में विशेष उत्साह है। राजधानी जयपुर में उनके स्वागत में पारंपरिक राजस्थानी रीति-रिवाजों के साथ भव्य आयोजन किए जाएंगे। पुष्कर एवं गंगानगर के लोक कलाकार ढोल-नगाड़ों और बैगपाइपर के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उनका स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार नितिन नवीन प्रातः 10:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से प्रस्थान कर 11:15 बजे टोंक पहुंचेंगे। टोंक में 11:30 बजे वे भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही बूंदी, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू, पाली एवं बाड़मेर जिला कार्यालयों का



वर्चुअल उद्घाटन तथा जालौर जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं एवं आमजन को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि टोंक कार्यक्रम के पश्चात नितिन नवीन दोपहर 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां पहले मंत्रीमंडल द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद एयरपोर्ट के बाहर बगरू, सांगानेर और चाकसू विधानसभा के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान मंच से राष्ट्रीय अध्यक्ष जी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। यहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। युवा मोर्चा कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से उनके काफिले की अगुवाई करेंगे। सांगानेर, बगरू, चाकसू, बस्सी, फुलेरा, दूदू, आमेर, जमवारामगढ, आदर्श नगर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, झोटवाडा, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि पत्रिका गेट, वर्ल्ड ट्रेड पार्क डब्ल्यूटीपी, शिक्षा संकुल, कनोडिया कॉलेज, जेडी, सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, बाइस गोदाम सर्किल एवं राजमहल पैलेस पर कार्यकर्ताओं द्वारा मंच बनाकर स्वागत अभिनंदन करेंगे। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा राजमहल पैलेस पर पारंपरिक कलश के साथ स्वागत किया जाएगा। महिला मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा कलश लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अगुवाई करेंगी और भाजपा प्रदेश कार्यालय तक आएंगी।

भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात वे प्रदेश पदाधिकारियों एवं कोर कमेटी की बैठक लेंगे। बैठक के उपरांत वे रात्रि में दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# वंडर सीमेंट की अनूठी पहल : ठेकेदार की बेटियों की शादी में 42 हजार का सहयोग

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में वंडर सीमेंट कंपनी की ओर से एक सराहनीय पहल करते हुए वंडर प्राइम ठेकेदार दिनेश प्रजापत की दो बेटियों की शादी के अवसर पर कुल 42 हजार रुपये के चेक भेंट किए गए। इस पहल की क्षेत्रभर में खूब सराहना हो रही है। कंपनी के तकनीकी अधिकारी अशोक पूनिया एवं डीलर हरिराम प्रजापत ने दिनेश प्रजापत के निवास स्थान पर पहुंचकर अलग-अलग चेक सौंपे। इस अवसर पर दिनेश प्रजापत ने कंपनी का आभार जताते हुए कहा कि इस सहयोग से परिवार को बड़ी राहत मिली है। अशोक पूनिया ने बताया कि वंडर सीमेंट द्वारा वंडर प्राइम ठेकेदारों के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें बेटियों की शादी में सहयोग, 12वीं बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त




करने वाले बच्चों को 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान, साथ ही दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा शामिल है। डीलर हरिराम प्रजापत ने कहा कि भविष्य में भी राजमिस्त्रियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इस मौके पर प्रजापत परिवार के सदस्य, रिश्तेदार एवं वंडर सीमेंट टीम के सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय भानीधोरा हनुमान मंदिर में खाटूवाले बाबा श्याम की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर पुजारी चेतन मंगलहारा के आचार्यत्व में पंडित मनोज कुमार ने पूजा-अर्चना करवाई। मुख्य यजमान पूजा-मनीष, प्रिया-मुकेश एवं अदिति-योगेश सैनी दंपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दी। समाजसेवी कैलाश सैनी के आर्थिक सौजन्य से मंदिर में बाबा की स्थापित प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या भी हुई, जिसमें गायक कलाकार मुमताज मिरासी ने अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर इंदू सैनी, गोपाल ब्राह्मोलिया, महेंद्र गुर्जरगौड़, ऋषभ मंगलहारा, नवीन मंगलहारा, ओमप्रकाश बबेरवाल, रामलाल प्रजापत, पूर्णमल मंगलहारा, लक्ष्मीनारायण बणसिया, दामोदर मंगलहारा, कंचन मंगलहारा, पुष्पा मंगलहारा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## साड़ी एवं मैचिंग सेंटर की दुकान से हजारों का माल पार



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती रेनवाल कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित श्रीराम साड़ी एवं मैचिंग सेंटर की दुकान से रविवार को हजारों रुपये का माल पार हो गया। खाचरियावास निवासी दुकानदार विजेश मांधणा के अनुसार रविवार को दोपहर लगभग 1 बजे 5-6 महिलाएं एक ग्रुप बनाकर कपड़ा खरीदने के बहाने दुकान में आई।

उस समय दुकान पर सिर्फ पत्नी नीलम ही थी। सभी महिलाओं ने कपड़ा दिखाने के बहाने बातों में लगा दिया। इसी दरमियान कपड़े का पर्दा लगाकर दूसरी महिलाओं ने अपने पहने हुए कपड़ों के बीच महंगे कपड़े के थान का कपड़ा छुपा लिया। जब तक कुछ समझ में आता उससे पहले ही सभी महिलाएं फरार हो गई। आगे कुछ दूरी पर एक पीले कलर के अज्ञात टैम्पो में बैठकर रफूचक्कर हो गई। सूचना पर रेनवाल पुलिस थाने से एएसआई बल्लाराम यादव, अशोक कुमार, नरेन्द्रसिंह ने मौका मुआयना करते हुए जांच प्रारम्भ की। इसी के साथ आस-पास के सीसीटीवी फुटैज खंगालते हुए अज्ञात टैम्पो के बारे में भी जानकारी लेने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं। इस दौरान पुरुषोत्तम अजमेरा, विष्णु जाखोटिया सहित आस-पास के व्यापारियों ने भी पूरा प्रयास किया।



## अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाइपास, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में अवॉर्ड सेरेमनी व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 7वीं से 9वीं के विद्यार्थियों हेतु आयोजित चार्ट मेकिंग कॉम्पिटिशन, पब्लिक स्पीकिंग कॉम्पिटिशन एवं विभिन्न ओलंपियाड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 87 विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, प्रशस्ति पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में प्रबंध निदेशक एम.आर. अग्रवाल ने कम्युनिकेशन स्किल इम्प्रूव करने पर जोर देते हुए आत्मविश्वास के साथ स्वयं को प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल पूनम चौहान, कॉर्डिनेटर्स व स्टाफ मेंबर्स सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया जाएगा भव्य स्वागत : दिया कुमारी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का सोमवार को राजस्थान दौरे पर है। नितिन नवीन



अपने दौरे के दौरान वे पहले टोंक जाएंगे, इसके बाद जयपुर पहुंचेंगे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इस दौरे को लेकर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका यह पहला राजस्थान आगमन है, जो पार्टी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जयपुर में उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा।

## तारानगर को शिक्षा रैंकिंग में प्रथम स्थान दिलाने पर सीबीईओ शर्मा हुए सम्मानित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी तारानगर बबलेश शर्मा को विद्या भारती द्वारा शिक्षा रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा सत्र 2025-26 में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर सम्मानित किया गया। सीबीईओ शर्मा को यह सम्मान तारानगर में शनिवार को भामाशाह कंदोई परिवार की ओर से बनाए गए आदर्श विद्या मंदिर के भवन लोकार्पण समारोह में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, चूरू विधायक हरलाल सहारण, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मंत्री शिवप्रसाद, भारतीय पैराओलंपिक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, भाजपा युवा नेता पराक्रम राठौड़, भामाशाह निरंजन कंदोई के गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया।

यह सम्मान उनके कुशल नेतृत्व, समर्पण, प्रधानाचार्य व समस्त स्टाफ के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में तारानगर ब्लॉक ने निरंतर प्रगति करते हुए शिक्षा गुणवत्ता में नया मुकाम हासिल किया है। सीबीईओ शर्मा को यह सम्मान मिलने पर शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## लाडो प्रोत्साहन योजना से बेटियों का भविष्य हो रहा उज्ज्वल



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी पहल पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित लाडो प्रोत्साहन योजना बेटियों के सपनों को नई उड़ान दे रही है। इस योजना के तहत बेटियों के जन्म पर आर्थिक प्रोत्साहन देकर उनके शिक्षा और विकास के सपनों को साकार कर प्रदेश सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रही है। इसी क्रम में चूरू जिले के सुजानगढ़ तहसील की मुरडाकिया निवासी तिलोकचंद प्रजापत व प्रभा के परिवार को बेटी प्रीति के जन्म पर लाडो प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला है। योजना के तहत प्रीति को चरणबद्ध तरीके से कुल 1.5 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी, जो उसके पालन-पोषण, शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बेटी प्रीति की माता प्रभा बताती हैं कि उन्होंने 11 अप्रैल, 2025 को सीकर जिले के एक अस्पताल में एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद उन्हें लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रथम किस्त के रूप में 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है और अभी उनकी बेटी का टीकाकरण जारी है। वह बताती हैं कि इस आर्थिक सहायता से उन्हें अपनी बेटी के पालन-पोषण में बहुत सहारा मिला है। अब वह अपनी बेटी के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल पर बेहतर ध्यान दे पा रही हैं। उनका कहना है कि सरकार की इस पहल से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिला है। प्रभा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं अब वे अपनी बेटी के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अधिक आश्वस्त हैं और उसकी पढ़ाई-लिखाई व स्वास्थ्य पर प्रोत्साहन राशि खर्च करेंगी।

## गणित के जरिए सेना का सपना साकार, पंकज कुमावत की पुस्तक का विमोचन



संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के लिए गर्व का विषय है कि युवा लेखक पंकज कुमावत की पुस्तक एनडीए मेथमेटिक्स का विमोचन रविवार को प्रजापति विकास संस्थान, झुंझुनू में आयोजित समारोह में किया गया। इस अवसर पर अमेरिका प्रवासी एवं सुप्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ घासीराम ने अपने कर-कमलों से पुस्तक का विमोचन किया। समारोह में बोलते हुए डॉ घासीराम ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक भारतीय युवाओं को सेना में उच्च पदों तक पहुंचने में मार्गदर्शन प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपयोगी शैक्षणिक सामग्री युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेखक पंकज कुमावत ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि सफलता के लिए कठिन परिश्रम अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सफलता रातों-रात नहीं मिलती बल्कि निरंतर अभ्यास और सही दिशा में किए गए प्रयास से ही लक्ष्य प्राप्त होता है। यह पुस्तक उसी दिशा में उनका एक छोटा सा प्रयास है। समारोह में समाज के विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें रिछपाल किरोड़ीवाल, ख्यालीराम अणगासरिया, डॉ सहीराम वर्मा, डॉ साहिबराम वर्मा, हरिराम दादरवाल, गोविन्द कुंडलवाल, परसराम, सुरेंद्र किरोड़ीवाल, हरीश कुमावत, मोहनलाल, प्रवीण, रामावतार, अजय, योगेन्द्र, पुरुषोत्तम बागोतिया एवं अशोक प्रजापति सहित अनेक लोग शामिल रहे। उपस्थित सभी वक्ताओं ने लेखक पंकज कुमावत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इस प्रकार की गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री का निर्माण जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण है।

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में उमड़े विप्रजन, नगर भ्रमण करवाया

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** भगवान परशुराम जन्मोत्व के मौके पर रविवार को भगवान परशुराम ने बैण्ड बाजों के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान शोभायात्रा में हजारों महिला व पुरुष विप्रजन मौजूद रहे। शोभायात्रा शहर के अनेक मार्गों से गुजरी तो लोगों ने भव्य रूप से पुष्प वर्षा कर अपने आराध्य के दर्शन किये। साधू सन्तों के सानिध्य में शोभायात्रा निकाली गई। ब्राह्मण नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष कन्हैया लाल वकील ने बताया कि शोभायात्रा साधु सन्तों के सानिध्य में आयोजित हुई। ब्राह्मण धर्मशाला परशुराम भवन से शोभायात्रा रवाना हुई। इसमें दो झाकियां भगवान परशुराम तथा एक में साधु संत विराजमान थे। शाम चार बजे डाक्याला के मौहल्ले से होकर आजाद चौक, बालेश्वर मौहल्ला, शीतला माता चौक से होते हुए रामानन्द पाठशाला से होकर सीटी बस स्टैण्ड नगर पालिका के सामने से होते हुए अस्पताल चौराहे से डाकवाला का मौहल्ले होते हुए ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा में महिलाओं की भारी भीड़ रही। शोभायात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं को अल्पाहार करवाया गया। जगह-जगह पानी, शीतल पेय की व्यवस्थाएं की गई। इस दौरान राममूर्ति दास महाराज महरोली, वैद्य शिम्भुदयाल शर्मा, ब्राह्मण महासभा के कैलाश वशिष्ठ, आरपीएस प्रदीप शर्मा, रिंकू, सुरेन्द्र शर्मा, महावीर जोशी, आर्यन पारीक, प्रेम तिवारी, विशाल, पंकज शर्मा, मुदित जोशी, दिनेश जोशी, विष्णु गंगावत, विष्णु चुलेट, संजय डाकवाला, मुकेश लाटा, संजय बिवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मर्यादा मूर्ति सद्गुरु स्वामी हरिदास राम महाराज का पंच दिवसीय जन्मोत्सव आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आस्था भक्ति के विशाल पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडल के चतुर्थ पीठाधीश्वर मर्यादामूर्ति सद्गुरु स्वामी हरिदास राम महाराज का पंच दिवसीय जन्मोत्सव 27 अप्रैल सोमवार एकादशी से 1 मई शुक्रवार पूर्णिमा तक श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। पंच दिवसीय उत्सव में सोमवार 27 अप्रैल को प्रात 7 से 9 बजे तक नित्य नियम से प्रार्थना व संत महात्माओं के सानिध्य में भजन सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके पश्चात श्री मदभागवत गीता, श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ साहिब के पाठों का शुभारंभ होगा। प्रतिदिन प्रात: 7 से 9 प्रार्थना, सतगुरु स्वामी हरिदास राम महाराज की प्रवचन कैसेट का वाचन एआरती व साय काल 5 से 7 बजे तक भजन, स्वामी हरिदास राम जी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जिसके पश्चात आरती आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसके तत्पश्चात विशाल आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

पूज्य स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने बताया कि पंच दिवसीय जन्मोत्सव के अंतर्गत सेवा कार्यों में गोशाला में गाय माता को हरा चराएफल सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बाहरी क्षेत्र में राहगीरों को पुलाव के साथ फ्ल एवं मिष्ठान का वितरण किया जाएगा। वही श्री अमरपुरा स्थान के बाहर निरंतर चल रहे अन्न भोजन प्रसादम में राहगीरों को छाछ, फल, शर्बत, लस्सी एवं मिष्ठान वितरित किए जाएंगे।

# गर्मी में सेहत के लिए वरदान हैं ये फूड्स, लू और डिहाइड्रेशन जैसी कई समस्याओं से करते हैं बचाव

गर्मी का मौसम आते शरीर और सेहत से जुड़ी कई परेशानियां शुरू हो जाती हैं। इस मौसम में आपको भूख भी कम लगती है और खाने का मन कम होता है। गर्मी के मौसम में डाइट में बदलाव और संतुलित डाइट न लेने की वजह से आपके शरीर में कई समस्याएं हो सकती हैं। चूंकि गर्मी में आपको ज्यादा पसीना आता है इसलिए इस मौसम में शरीर को पानी की जरूरत ज्यादा होती है। शरीर में पानी की कमी होनी से आपको डिहाइड्रेशन की समस्या भी हो सकती है। गर्मी के मौसम में कुछ फूड्स को खाने से आपके शरीर की गर्मी भी बढ़ सकती है। ऐसे में आपको इस मौसम में डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौसम में शरीर को पानी की कमी से बचाने के लिए और शरीर में पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा बनाये रखने के लिए आपको डाइट का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसा न करने से आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।



### गर्मी के मौसम में छाछ का सेवन

छाछ या मट्ठा गर्मी के मौसम में सबसे बेहतरीन पेय है। इसका सेवन गर्मियों में जरूर करना चाहिए। छाछ में मौजूद पोषक तत्व शरीर को एनर्जेटिक रखने में मदद करते हैं और इसकी तासीर ठंडी होती है जो गर्मियों में आपको मौसम की मार से बचाने का काम करती है। इसका सेवन करने से आपके शरीर की गर्मी भी कम होती है।

### गर्मी में लू से बचने के लिए करें प्याज का सेवन

गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़ते तापमान की वजह से आपको लू लगने की समस्या हो सकती है। लू से बचने के लिए प्याज का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। प्याज में मौजूद गुण आपको लू से बचाने और इसके प्रभाव को कम करने का काम करते हैं। गर्मी के मौसम में इसका सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है। लू से बचने के लिए प्याज के रस का सेवन भी बहुत फायदेमंद होता है, इसमें मौजूद विटामिन और अन्य पोषक तत्व लू में फायदेमंद माने जाते हैं।

### गर्मियों में जरूर खाएं तरबूज

गर्मी के मौसम में आपने देखा होगा कि हर जगह तरबूज बिकने शुरू हो जाते हैं। तरबूज में मौजूद पोषक तत्व और इसके गुणों की वजह से यह गर्मियों में सबसे ज्यादा खाया जाने वाले फूड्स में से एक है। गर्मी के मौसम में शरीर को कूल रखने और गर्मी की वजह से होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए तरबूज का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। आप इसका सीधे सेवन कर सकते हैं और इसका जूस बनाकर भी पी सकते हैं।

### खीरा आपको रखे हाइड्रेटेड

गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी की समस्या से बचने के लिए खीरा का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। शरीर को कूल रखने और डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए खीरा का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। खीरा खाने से आपको गैस, एसिडिटी और सीने में जलन जैसी समस्याओं में भी फायदा मिलता है।

### गर्मियों में खाएं आम

गर्मी के मौसम में खानपान में असंतुलन और बढ़ते तापमान के प्रभाव की वजह से आपके शरीर की इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। ऐसे में गर्मियों में आम का सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। आम में शरीर के लिए फायदेमंद सोडियम, कैल्शियम, विटामिन, मिनरल्स, फाइबर जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। इसका सेवन करने से वजन कम करने में फायदा मिलता है और शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है।

### हीट स्ट्रोक से बचाए पुदीना

गर्मी के मौसम में पुदीने का सेवन आपको हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचाने के लिए बहुत उपयोगी होता है। पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में भी किया जाता है। रोजाना एक गिलास ठंडे पानी में पुदीने की पत्तियों को पीसकर डालें और इसमें थोड़ा नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका सेवन करें। गर्मी में आपके लिए यह एक बेहतरीन पेय है।

### गर्मियों में खाएं टमाटर

टमाटर का सेवन गर्मी के मौसम में बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसका ज्यादातर इस्तेमाल सब्जी बनाने में किया जाता है लेकिन आप इसे सलाद के रूप में भी खा सकते हैं। टमाटर में पाए जाने वाले विटामिन, फाइबर, पोटेशियम शरीर के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। इसके अलावा टमाटर में 95% पानी होता है जो आपको डिहाइड्रेशन से बचा सकता है।



### गर्मियों में जरूर पिएं नारियल पानी

गर्मी के मौसम में शरीर को कई गंभीर समस्याओं से बचाने और पोषक तत्वों की आपूर्ति करने के लिए नारियल पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। नारियल पानी न सिर्फ शरीर को हाइड्रेटेड रखने का काम करता है बल्कि इसका सेवन करने से पाचन तंत्र को भी फायदा मिलता है और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। इसमें मौजूद कैल्शियम, पोटेशियम, क्लोराइड जैसे पोषक तत्व शरीर के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

## हेल्थ को फायदा ही नहीं नुकसान भी पहुंचा सकती है ग्रीन टी

वजन घटाने की बात आती है तो लोग अक्सर ग्रीन टी पीना शुरू कर देते हैं। हेल्थ के साथ-साथ स्किन के लिए फायदेमंद ग्रीन टी के फायदे खूब हैं। हालांकि, कई लोग ग्रीन टी सुबह खाली पेट पीते हैं, लेकिन इससे डाइजेशन में परेशानी हो जाती है।

**ग्रीन टी से हो सकती है आयरन की कमी और एनीमिया की परेशानी :** वैसे तो ग्रीन टी पीने के खूब फायदे हैं, ऐसे में कुछ लोग इसे खाने के साथ पीना पसंद करते हैं। हालांकि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैटेचिन होता है जो खाने से आयरन को कम करता हैं जिससे एनीमिया भी हो सकता है। हालांकि अगर आपको इसे खाने के साथ पीने की आदत है तो आपको विटामिन सी और आयरन से भरपूर खाने की चीजों को खाना चाहिए।

**व्रत में हो सकती है नुकसानदायक :** कुछ रिपोर्ट्स की मानें तो कहा जाता है कि व्रत में ग्रीन टी पीने से पोषण की कमी को पूरा किया जा सकता है। हालांकि, यह नुकसानदायक साबित हो सकती है। व्रत में अगर आप ग्रीन टी पीते हैं तो कब्ज, जी मिचलाना और उल्टी जैसी कई दूसरी परेशानियां हो सकती हैं।

**कैफिन की मात्रा हो सकती है नुकसानदायक :** रिपोर्ट्स की



मानें तो ग्रीन टी में लगभग 10 से 14 ग्राम कैफीन होता है। ऐसे में अगर ग्रीन टी को ज्यादा मात्रा में पिया जाता है तो इससे शरीर में कैफीन की ज्यादा मात्रा हो सकती है, जो आगे चलकर चिंता, कब्ज, डायबिटीज और कई तरह की परेशानी का कारण बन सकती है।

### प्रेग्नेंट महिलाओं या ब्रेस्टफीडिंग मां को हो सकती है परेशानी

प्रेग्नेंट महिलाओं में दो कप से ज्यादा ग्रीन टी खतरनाक साबित हो सकती है,रिपोर्ट्स की मानें तो इससे अबॉर्शन और दूसरी तरह की परेशानी का खतरा बढ़ जाता है। वहीं जो महिलाओं बच्चे को ब्रेस्टफीड करा रही हैं, तो ग्रीन टी में कैफीन की हाई मात्रा ब्रेस्ट मिल्क में जा सकती है और आपके बच्चे को भी अफेक्ट कर सकती है।

# ब्रेन फंक्शन को करना है बूस्ट, तो सुबह के नाश्ते में शामिल करें ये चीजें

ब्रेकफास्ट हमारे पूरे दिन के आहार में से सबसे महत्वपूर्ण आहार माना जाता है। सुबह के समय का हेल्दी ब्रेकफास्ट आपके शरीर में फ्यूल के रूप में कार्य कर सकता है, जिससे आप अधिक समय तक एनर्जेटिक और फ्रेश महसूस करते हैं। इसलिए कई हेल्थ एक्सपर्ट सुबह के समय हेल्दी ब्रेकफास्ट लेने की सलाह देते हैं। वहीं, ब्रेन को बूस्ट करने की बात कि जाए, तो इसके लिए भी हेल्दी आहार बहुत ही जरूरी माना जाता है। ब्रेन फंक्शन को बेहतर करने के लिए सुबह के ब्रेकफास्ट में सही मात्रा में कैलोरी, प्रोटीन, वसा और कार्बोहाइड्रेट का संतुलन होना चाहिए। इससे आपका ब्रेन फंक्शन बेहतर होता है। साथ ही आप काफी एनर्जेटिक होकर कार्य करते हैं।

**अंडे ब्रेकफास्ट में करें शामिल :** अंडा स्वास्थ्य के लिए काफी हेल्दी होता है। इसमें प्रोटीन और गुड फैट की प्रचुरता होती है। यह आपके ब्रेन के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है। साथ ही अगर आप रोजाना ब्रेकफास्ट में अंडा शामिल करते हैं, तो इससे आपके शरीर का वजन भी कंट्रोल रह सकता है।



ऐसे में आप अपने ब्रेन फंक्शन को बेहतर करने के लिए रोजाना अंडे को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। ब्रेकफास्ट में आप अंडे को कई तरह से शामिल कर सकते हैं, जिसमें हाई फ्राई, ऑमलेट, उबले अंडे इत्यादि शामिल है।

**दलिया है ब्रेकफास्ट का बेस्ट ऑप्शन :** ब्रेन फंक्शन को बूस्ट करने के लिए आप अपने आहार में दलिया शामिल कर सकते हैं। दलिया एक ऐसा आहार है, जो फाइबर से भरपूर होता है। इसके साथ ही इसमें कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर को हेल्दी बनाए रखने में प्रभावी हैं। दलिया ब्रेन फंक्शन को बूस्ट करने के साथ-साथ वजन को घटाने में प्रभावी हो सकता है। अगर आप मॉर्निंग में कुछ अच्छा और हेल्दी शामिल करना चाह रहे हैं, तो दलिया आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। दलिया का सेवन आप कई तरह से कर सकते हैं। इसमें मीठा दलिया, नमकीन दलिया, फ्रूट्स के साथ दलिया इत्यादि वैरायटीज का चुनाव किया जा सकता है।

**बेरीज ब्रेन फंक्शन को करे बूस्ट :** ब्रेन फंक्शन को बेहतर करने के लिए बेरीज को अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करें। मार्केट में कई तरह के बेरीज जैसे-स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, जामुन इत्यादि मौजूद होते हैं। इन सभी बेरीज को आप अपने ब्रेकफास्ट में शामिल कर सकते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है, जो मस्तिष्क के विकास को बेहतर कर सकता है। बेरीज को ब्रेकफास्ट में शामिल करने के लिए आप फ्रूट्स सलाद, दलिया या ओट्स के साथ मिक्स करके किया जा सकता है।

**हल्दी है कई गुणों से भरपूर :** ब्रेन फंक्शन को बेहतर करने के लिए हल्दी को अपने ब्रेकफास्ट में शामिल करें। यह आपके मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन नामक केमिकल आपके मस्तिष्क के विकास को बढ़ावा देता है। साथ ही यह अल्जाइमर रोग से बचाव करने में आपकी मदद कर सकता है।

**कॉफी दिमाग को करे दुरुस्त :** अपने मस्तिष्क के फंक्शन को बेहतर करने के लिए आप ब्रेकफास्ट में 1 कप कॉफी शामिल करें। कॉफी पीने से आपके ब्रेन को एनर्जी मिलती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और कैफीन दिमाग को सक्रिय करता है। साथ ही मस्तिष्क की कार्यात्मक कनेक्टिविटी को बढ़ाने की क्षमता रखता है। हालांकि, ध्यान रखें कि ब्रेकफास्ट में दूध वाली कॉफी के बजाय ब्लैक कॉफी पिएं। ब्लैक कॉफी आपके माइंड को एक्टिव बनाए रख सकते हैं।

## एनर्जी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल आज



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के नेहरू मैदान में चल रही एनर्जी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता रोमांचक दौर में पहुंच गई है। रविवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में खेतड़ी खंड और खेतड़ी नगर ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सोमवार शाम चार बजे दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में खेतड़ी खंड ने बुहाना को आठ विकेट से हराया। बुहाना की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 68 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में खेतड़ी खंड ने हंसराज गुर्जर की शानदार नाबाद 54 रन की पारी की बदौलत दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से मैच जीत कर फाइनल में पहुंची। हंसराज गुर्जर को मैन ऑफद मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में खेतड़ी नगर ने बबाई को सात विकेट से शिकस्त दी। बबाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भैरू सैनी के 49 रन की मदद से 15 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन बनाए। जवाब में खेतड़ी नगर ने तीन विकेट खोकर 12 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से मैच जीत कर फाइनल में पहुंची। खेतड़ी नगर की ओर से पवन ने 20 गेंदों में ताबड़तोड़ 51 रन बनाए, जबकि पूरण ने तीन विकेट झटके। पवन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल मुकाबला सोमवार शाम चार बजे केसीसी के नेहरू मैदान में खेतड़ी खंड व खेतड़ी नगर के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर सहायक अभियंता सुरेंद्र सैनी, संजीव कुमार, मनफुल योगी, प्रमिंद्र, सहायक अभियंता बृजपाल, सुभाष मीणा, घनश्याम आदि मौजूद रहे।

## भैरूजी महाराज के एक दिवसीय मेले में लाखों भक्त उमड़े



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** लोकदेवता भैरुजी महाराज के एक दिवसीय मेले में रविवार को आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों भक्तो ने अपने आराध्य की झलक पाने के लिए चिलचिलाती धूप की परवाह किये बिना घंटो कतार में लगे रहे। श्रद्धालुओं ने भैरुजी महाराज के दर्शन कर खुशहाली की मन्नते मांगी। इस दौरान भक्तों ने अपने आराध्य के प्रसादी का भोग लगाया। भैरूजी महाराज के दर्शनों के लिए शनिवार से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था जो रविवार देर रात तक जारी रहा। इस दौरान लाखों भक्तों ने घटों कतार में खड़े होकर अपने आराध्य के दर्शन कर मन्नते मांगी। भक्तों ने भैरूजी महाराज से पुत्र रत्न की कामना करते हुए गठजोड़े की जात लगाई। यही सैकड़ों बच्चों का मुण्डन संस्कार करवाया गया। भक्तों ने भैरूजी महाराज के लापसी, पुए, पकौड़ी, लड्डू का भोग लगाकर खुशहाली की कामना की। इस दौरान मेले में महिलाओं ने जमकर खरीददारी का लुत्फउठाया। गर्मी व मौसम के मिजाज को देखते हुए भैरूजी मंदिर कमेठी ने अनेक व्यवस्थाएं की। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुवा लाल, मामराज, श्रवण, गिरधारी गुर्जर, फूलचन्द्र, हरिराम गुर्जर ने बताया कि मेले में छाया, पानी की पुख्ता व्यवस्था की गई। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस का भारी जाब्ता रहा। मौके पर नगर पालिका रींगस के एसआई मुकेश कुमार, तहसील, स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## मंदिर जीर्णोद्धार एवं मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित



निसं

**कांवट ( नवयत्न )।** ग्राम भादवाड़ी स्थित प्राचीन श्री जुझार जी राधा-कृष्ण मंदिर जो गांव में श्रद्धा, वीरता और धर्म का जीवंतश प्रतीक है में मंदिर मूर्तियों की विधिवत पूजा अर्चना जीर्णोद्धार का तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित हुआ। महिलाओं ने गांव में कलश यात्रा निकालने के बाद राधा कृष्ण, शिव परिवार, बजरंगबली हनुमान व संतश्री मोतीदास की मूर्तियों को नगर भ्रमण कर विधिवत पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई। यजमान पंडितो ने हवन यज्ञ कर विधिवत कार्य करवाया। मौके पर उपस्थित संत महात्माओं को दान दक्षिणा देकर भंडारा पंगत प्रसाद ली। स्थानीय मान्यता है कि जुझारजी ने धर्म और गौ-रक्षा हेतु वीरगति प्राप्त की थी तभी से ग्रामवासी इन्हें अपने आराध्य एवं रक्षक के रूप में पूजते हैं। समय के साथ जीर्णशीर्ण हो चुके इस पावन मंदिर का यजमानों ने भव्य जीर्णोद्धार कर इसे नया स्वरूप प्रदान किया गया। मंदिर के शिखर, सभामंडप एवं गर्भगृह का नवनिर्माण कर सम्पूर्ण परिसर को आकर्षक बनाया गया है। मंदिर के पुजारी श्रवण दास महाराज के सान्निध्य एवं यजमानों की उपस्थिति में विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री जुझार जी महाराज एवं ठाकुरजी बाल-गोपाल राधा-कृष्ण की दिव्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा' संपन्न हुई। इस शुभ अवसर पर संत-महात्माओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठान एवं प्रवचन आयोजित किए गए। प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रात्रिकालीन भजन संध्या तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भादवाड़ी सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामवासियों ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरा वातावरण जुझार जी महाराज की जय एवं जय श्री राधे गोपाल के जयघोष से भक्तिमय हो गया। गांव में मंदिर जीर्णोद्धार एवं प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात यह मंदिर ग्राम की धार्मिक चेतना, एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र बन गया है।

### गौ सेवा सम्मान आह्वान अभियान के तहत ज्ञापन आज

निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** गौ सेवा सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत दांतारामगढ़ तहसील की प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लोग दांता नगरपालिका के पास एकत्रित होकर रैली के माध्यम से सुबह दांतारामगढ़ उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। जानकारी के अनुसार गौवंश संरक्षण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया गया हैं।

# मन की बात : मातृशक्ति संग कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का संदेश

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले ने रविवार को राष्ट्रीय परिदृश्य पर अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण के लाइव प्रसारण के लिए पूरे राजस्थान से केवल दो विधानसभाओं का चयन किया गया, जिनमें झुंझुनू भी शामिल रहा। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले की मातृशक्ति और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम का माहौल देशभक्ति और जनभागीदारी की भावना से ओतप्रोत रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए गौतम बुध के विचारों को मानव जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया।

उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के करुणा, शांति और मध्यम मार्ग के संदेश आज भी समाज को दिशा देने में प्रासंगिक हैं, जिन्हें हर व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और उपस्थित महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। हर्षिणी कुलहरि ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला जनसंवाद है, जो देश के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य करता है। झुंझुनू का इस तरह चयन होना जिले के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से यह अवसर न केवल जिले की पहचान को मजबूत करता है बल्कि आमजन की सहभागिता को भी राष्ट्रीय मंच से जोड़ने का कार्य करता है।

# विप्र सेना ने बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए पालसिये



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** जहां एक ओर भीषण गर्मी ने इंसान ही नहीं बल्कि बेजुबान पक्षियों का जीवन भी कठिन बना दिया है, वहीं दूसरी ओर विप्र सेना नोखा ने सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों के लिए कालका माता मंदिर परिसर में पालसिये लगाए। रविवार को आयोजित इस सेवा कार्य ने समाज में संवेदनशीलता और जीवदया का संदेश दिया। विप्र सेना के तहसील अध्यक्ष हेमंत जोशी के नेतृत्व में मंदिर परिसर में पानी से भरे पालसिये लगाए, ताकि गर्मी से व्याकुल पक्षियों को राहत मिल सके। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में पानी की व्यवस्था कर जीवों की रक्षा में सहयोग करें। कार्यक्रम में विप्र सेना तहसील अध्यक्ष हेमंत जोशी, संभाग उपाध्यक्ष पुखराज सांखी, संभाग प्रचार मंत्री कानाराम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश कठातला, देवेन्द्र पाणेचा, पंडित राधेश्याम शर्मा, मालचंद सारस्वत, खेतपाल सारस्वत, राजू सारस्वत, हरिशंकर कठातला, महेश पारीक, आसूसिंह भादला सहित कई सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। विप्र सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से हम प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस पहल को स्थानीय लोगों ने भी खूब सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

# भक्ति भाव से मनाया भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक दिवस

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, विश्व वंदनीय, जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का ज्ञान कल्याणक दिवस रविवार को भक्ति भाव से मनाया गया । इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए । राजस्थान जैन सभा के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिरों में प्रातः अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई।

अष्ट द्रव्य से भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की गई । पूजा के दौरान ज्ञान कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढाया गया । महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, गोपाल जी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर कालाडेरा महावीर स्वामी तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के कई दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए । निर्माण नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघए सांगानेर के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ठोलियान में आचार्य सुन्दर सागर महाराज, आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ, आकोडिया के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य विशद सागर महाराज ससंघ तथा जवाहर नगर दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये जाकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

## डिग्गी में गिरने से महिला की मौत

निसं

**पिलानी (नवयत्न)।** क्षेत्र के गांव बनगोठड़ी में एक खेत में बनी पानी की डिगी में गिरने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतका बनगोठड़ी निवासी पंकज कुमारी पत्नी सुरेन्द्र सिंह है। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि गांव के पश्चिम के रास्ते पर गौशाला के पास में सुरेन्द्र सिंह का खेत है। खेत में पानी की डिगी बनी हुई है। पंकज कुमारी डिगी के पास में काम कर रही थी इसी समय संतुलन बिगड़ने से वह डिगी में गिर गई। परिवार तथा आस पास के लोग उसे लेकर कस्बे के अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस सम्बंध में मृतका के पति सुरेन्द्र सिंह एवं मृतका के भीर्र निवासी चाचा मीर सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार पंकज कुमारी बीएसएफमें सेवारत थी तथा वह पिछले कुछ समय से प्रसूती अवकाश पर चल रही थी। पंकज कुमारी के दो बेटी तथा एक चार माह का बेटा है ।

## हीटवेव के चलते कक्षा प्री-प्राइमरी से 8वीं तक विद्यालय का समय बदला

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने आदेश जारी कर मौसम विभाग की एडवाइजरी तथा जिले में चल रही हीटवेव एवं अत्यधिक गर्मी की स्थिति को देखते हुए स्थानीय परिस्थितियों के मद्देनजर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सीकर जिले में विद्यार्थियों को हीटवेव एवं अत्यधिक गर्मी के प्रकोप से बचाने तथा उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8वीं तक के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों का समय 27 अप्रैल 2026 से आगामी आदेशों तक अथवा ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रारंभ होने तक (जो भी पहले हो) प्रातः 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया है। जिला कलेक्टर मोदी ने बताया कि इसके अतिरिक्त कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय संचालन का समय पूर्वानुसार यथावत रहेगा। यह समय केवल छात्र-छात्राओं के लिए लागू रहेगा। समस्त शिक्षक एवं कार्मिक विद्यालयों में विभागीय समयानुसार उपस्थित रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि इस आदेश की पालना सुनिश्चित करें। आदेश की अवहेलना करने वाले राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर 11 सौ दीपों से हुई महाआरती



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान ब्राह्मण यूथ विंग के तत्वावधान में रविवार को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के तहत सौ से अधिक दूपहिया वाहनों की महा रैली निकाली गई। महा रैली को हवा महल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाल मुकुंद आचार्य अल्बर्ट हॉल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिसमें सबसे आगे चल रहीं ओपन जीप में जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने महा रैली का नेतृत्व किया। वही इस महा रैली में दो विशाल रथ शामिल हुए।

जिसमें सबसे आगे प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज की प्रतिमा को विराजमान किया गया। वही दूसरे रथ में भगवान परशुराम की प्रतिमा को विराजमान किया गया।

### भगवान परशुराम के जयकारों के साथ रवाना हुई महारैली

बाल मुकुंदाचार्य के हरी झडी दिखाने के साथ ही दूपहिया व चौपहिया वाहन रैली भगवान परशुराम के जयकरों के साथ रवाना हुई। अल्बर्ट हॉल से रवाना होकर वाहन रैली रामनिवास बाग से विभिन्न मार्गो से होते हुए विधाधर नगर परशुराम सर्किल पहुंची । जहां पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प वर्षा की गई। इस कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में पधारी महिलाओं ने विशेष परिधान में 11 सौ दीपकों से भगवान परशुराम की महाआरती की।

### स्विमिंग पूल में व्यापारी की संदिग्ध मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना क्षेत्र स्थित एक स्पोर्ट्स एकेडमी में किराना व्यापारी सत्येंद्र चौधरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। उनका शव स्विमिंग पूल में मिला, जिसके सिर के पीछे चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर रविवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े ने बताया कि मृतक भांकरोटा के मुकंदपुरा रोड का निवासी था और किराना दुकान चलाता था।

# दो अलग-अलग मामलों में तीन तस्कर गिरफ्तार, 17 लाख के मादक पदार्थ जब्त

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत चूरू पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 17 लाख रुपए के मादक पदार्थ बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई में कोतवाली थाना पुलिस किशना राम एसआई ने गोविंदा स्कूल, कस्बा चौकी के सामने गली आम क्षेत्र में दबिश देते हुए सुरेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 14, रतनगढ़ को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 12 किलो 60 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जबकि मामले की जांच रतननगर थाना पुलिस को सौंपी गई है। वहीं दूसरी कार्रवाई में जिला स्पेशल टीम और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से एनएच-52 पर नाकाबंदी के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया। एसआई फरमान खान ने बताया कि एसपी निश्चय प्रसाद के निर्देश पर थानाधिकारी सुखराम चोटिया के नेतृत्व में झंकार होटल के पास नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रुकवाकर तलाशी ली गई, जिसमें सवार दोनों आरोपी घबराए हुए नजर आए। तलाशी के दौरान उनके पास से 1 किलो 558 ग्राम अवैध अफीम बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए बताई गई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी यह खेप चित्तौड़गढ़ से हरियाणा ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है। पुलिस की इन लगातार कार्रवाइयों से जिले में नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# खाकी ने निभाया भाई का फर्ज : मेस कुक की बेटियों की शादी में भरा 2.21 लाख का मायरा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस का ध्येय वाक्य आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय को जयपुर की कानोता थाना पुलिस ने व्यवहार में उतारकर एक अनूठी मिसाल पेश की है। थाने की मेस में कार्यरत कर्मचारी रामकेश पटेल की दो बेटियों की शादी में पुलिसकर्मी मामा-नाना बनकर पहुंचे और मायरा भरकर परिवार की खुशियों में सहभागी बने।

दौसा जिले के गढ़ोरा निवासी रामकेश पटेल पिछले 11 वर्षों से कानोता थाने की मेस में खाना बनाने का कार्य कर रहे हैं। अपनी मेहनत और व्यवहार से वे थाने के हर जवान के परिवार का हिस्सा बन चुके हैं। बेटियों की शादी के समय आर्थिक तंगी सामने आने पर पुलिस टीम उनके साथ खड़ी हो गई। थाना प्रभारी मुनीन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने आपसी सहयोग से राशि जुटाई और रामकेश के गांव गढ़ोरा पहुंचे।

राजस्थानी परंपरा के अनुसार मायरा की रस्म निभाते हुए पुलिसकर्मियों ने ढोल-नगाड़ों और मंगल गीतों के बीच भात भरा। पुलिस टीम ने 2 लाख 21 हजार रुपए नकद, बेटियों के लिए सोने-चांदी के जेवर, नए कपड़े और शादी का अन्य आवश्यक सामान भेंट किया। वर्दी में सजे जवानों को इस रूप में देखकर रामकेश और उनका परिवार भावुक हो उठा। थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने कहा कि पद और वर्दी से ऊपर इंसानियत का धर्म होता है। रामकेश हमारे परिवार के सदस्य हैं और उनकी बेटियों की शादी में सहयोग करना हमारा कर्तव्य था। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे खाकी की संवेदनशील छवि मजबूत होती है और आमजन का भरोसा बढ़ता है। यह उदाहरण दर्शाता है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं बल्कि समाज के हर सुख-दुख में सहभागी है।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण केन्द्र में सुलभ कॉम्पलेक्स का हुआ उद्घाटन

निसं



**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र बनाथला में डीएलएड ग्रुप प्रशिक्षण शिविर 24 से 30 अप्रैल 2026 तक चल रहा हैं। शिविर संचालक पीडी कुमावत एलटी व सचिव रामलाल चौधरी ने बताया कि श्री महावीर टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज किशनगढ़-रेनवाल व श्री रघुनाथ एलिमेंट्री टीचर्स ट्रेंनिंग कॉलेज दांतारामगढ़ के 100 संभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। श्री ईश्वरराम हिण्डाला मेमोरियल ट्रस्ट प्रेमपुरा, अमानीपुरा के अध्यक्ष नेमाराम हिण्डाला ने ट्रस्ट द्वारा निर्मित सुलभ कांप्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नेमाराम हिण्डाला ने कहा कि समाज से जो कुछ भी प्राप्त हुआ है उसे किसी ने किसी रूप में समाज को लौटाना हमारा कर्तव्य हैं। ज्ञात रहे कि धार्मिक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा में सदैव सक्रिय इस ट्रस्ट द्वारा पूर्व में भी श्री वीर तेजाजी मंदिर हाथोज में 02 लाख 51 हजार, गौशाला डांसरोली में गत कई वर्षों से चारा व नकद सहयोग, कोरोना काल में जनसेवा जैसे कई जनहित के कार्य किए जा रहे हैं।

ट्रस्ट का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना लोगों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना हैं।

शिविर में सहायक सचिव फूल मोहम्मद स्काउटर, डॉ मोहन सिंह महला व्याख्याता, नारायण सिंह महला उप प्राचार्य, पूजा महावर, हनुमान सिंघल सहायक जिला कमिश्नर, हेमराज कुमावत, तुलसीराम कुमावत, संजय रोहिल, अजय कुमार, पीतांबर लौरा रोवर लीडर, मोहन सुखाड़िया प्रशिक्षण दे रहे हैं। सुलभ कांप्लेक्स के उद्घाटन के अवसर पर छीतर मल लोरा प्रशासक बनाथला, सुरेश वर्मा प्रशासक मगनपुरा, मुकेश खांडल प्रशासक बाय, भादर मल लोरा प्रतिनिधि सदस्य पंचायत समिति, पूर्व सरपंच दिग्विजय सिंह प्रशासक कुली, हनुमान प्रसाद परसवाल, मनीराम स्वामी, सुशील शर्मा अध्यक्ष भाजपा मंडल, गोगराज लोरा अध्यक्ष गौशाला ने उपस्थित रहकर ट्रस्ट के सहयोग की भरपूर प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

# ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह में 70 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर आरआईसी झालाना डूंगरी में प्रात 10 बजे प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, हवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाल मुकुंदाचार्य सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के पदाधिकारी प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा, संगठन महामंत्री जयपुर शहर प्रविन्द्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कमलेश शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जयपुर शहर बाबूलाल शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, संभाग अध्यक्ष जयपुर शहर अनिल सारस्वत, युवा प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा, युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने अतिथियों का माला अर्पण, दुपटटा व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम जी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता कर रहे सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड़ रहा है। उसे भी आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। वहीं विधायक स्वामी बालमुकुन्दाचार्य ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और परशुरामजी के बताये हुए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए। विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा और अन्य सामाजिक संगठनों को सामाजिक रूप से संगठित होकर समाज को एकजुट करना चाहिए और लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखानी चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा ने समाज हित में आरक्षण की एक लम्बी लड़ाई लड़ी है जिसमें सफलता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर दोनों विधायकों ने सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यो की भूरी.भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि सभी ब्राह्मण संगठनों को रचनात्मक कार्यो की तरफ बढ़ना चाहिए। परशुराम जी के विषय में विभोद दूर करें राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण को अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए परशुराम जी के विषय में अज्ञानता वश कई विभेद पड़े है उन्हें दूर करना चाहिए। इस मौके पर एडवोकेट एच. सी. गणेशिया ने ब्राह्मण और सर्व समाज विषय पर अपने विचार प्रकट किये। सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देश-विदेश में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश एवं जयपुर शहर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि हम समाज हित में सदैव सक्रिय रहेंगे और समाज को दिशा देने वाली कई योजनाओं पर आने वाले 1 माह में कार्य प्रारम्भ कर देंगे। कार्यक्रम के अन्त में सर्व ब्राह्मण महासभा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन की घोषणा की। साथ ही जयपुर शहर अध्यक्ष अजय शर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समाज के सैंकड़ो विप्र बंधु उपस्थित हुए।

# रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त संग्रह



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कवर नगर स्थित भगवान श्री झूलेलाल मंदिर में युवा जागृति संगठन एवं कान्हा जी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 108 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी एवं घनश्याम मुलानी ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं व समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी तुलसी त्रिलोकानी, गिरधारी कृष्णनी, किशन पूजानी, अजय मूलचंदानी, कुलदीप बैसला, डॉ. रीतिका पारीक, करन अलवानी, अक्षय रजवानिया, राजेश टहलानी, धर्मेन्द्र पमनानी, शशिकांत शर्मा, विजय हासानी, महेश खटवानी, राजेश गोपलानी, राजेश गुप्ता, मुकेश मोतियानी, खेमचंद केलवानी, मदन नागर, पुरुषोत्तम, सोनू बदलानी, अक्षय यादव, मुकेश तोतलानी, राहुल लोकवानी, रितिक जैन, श्याम कमलानी, पुरुषोत्तम उमरानी, धर्मेंद्र त्रिलोकानी, मनोज जेसवानी, तरुण मोटवानी, राजेश शर्मा, प्रकाश समलानी, रामावतार वशिष्ठ, नरेंद्र जेठवानी, मनीष सोमानी, हेमंत जयसिंघानी, पदमा हेमनानी, जिया पुनीतए मंजू टहलानी, हर्ष सेवानी, संतोष गुप्ता, अंजना त्रिलोकानी, अमित ज्ञानचंदानी, कमलेश मुलानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर समाज में सेवा और जागरूकता का संदेश देते हैं, तथा जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होते हैं।

# कथा में किया ध्रुव व प्रहलाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** माली सैनी समाज भवन में स्व. ईशरराम व सुखी देवी खडोलिया की पुण्य स्मृति में परिवारजनों द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तिरस की अविरल धारा बही। कथा वाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र सहित भरत चरित्र का विस्तारपूर्वक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया। महाराजश्री ने कहा कि जो मनुष्य संतों का संग करता है, उसका जीवन स्वत: ही उच्च और पवित्र बन जाता है। उन्होंने समझाया कि संतों को सांसारिक आसक्ति से दूर रहकर समाज को सन्मार्ग दिखाना चाहिए। नरक के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि मनुष्य के अपने पाप कर्म ही उसे दु:ख और अधोगति की ओर ले जाते हैं, इसलिए तुच्छ व अनैतिक कार्यों से बचना ही सच्चा पुण्य है। कहा कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा, भक्ति और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणादायक कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना ही सच्ची भक्ति का परिचायक है।

कथा के दौरान भजनों और संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। आज कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर यजमान सांवरमल खडोलिया सहपत्नीक, नंदलाल खडोलिया, बाबूलाल, शंकरलाल, बनवारीलाल खडोलिया, निर्मल सैनी दिल्ली, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कटारिया, भाजपा नेता पवन सिंह राठौड़, बाबूलाल दाधीच, शंकर लाल खडोलिया, इंदर चंद देवड़ा, कैलाश राजपुरोहित, विवेक सैनी,राकेश शर्मा, अनिल तोदी, पवन मारू, विजय कुमार खडोलिया, भगाराम प्रजापत, ब्रह्म दत्त आचार्य, बीड़दीचंद प्रजापत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती कर महाराजश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# महिला झूली फांसी पर पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** कस्बे के चिड़ावा रोड़ स्थित कालू सिंह की ढाणी में एक विवाहिता ने शनिवार की देर शाम को फांसी का फंदा लगा कर मौत को गले लगा लिया। पुलिस के अनुसार मृतका लक्षिता पत्नी गुणवीर सिंह निवासी कालू सिंह की ढाणी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कस्बे के बिरला सार्वजनिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर पीहर पक्ष को सूचना दी थी। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि मृतका के पिता लौहा मण्डी जयपुर निवासी मानसिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी लक्षिता की शादी नवम्बर 2023 में कालू सिंह की ढाणी निवासी गुणवीर सिंह के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही लक्षिता के पति एवं ससुराल पक्ष के लोग दहेज में पांच लाख रुपये तथा गाड़ी देने की मांग कर रहे थे। रिपोर्ट में उस की बेटी लक्षिता की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हीटवेव के मध्यनजर अब स्कूल का समय सवेरे 7:30 से 12 बजे तक

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में गर्मी को देखते हुए स्थानीय परिस्थितियों और लू (हीटवेव) को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। सीडीईओ संतोष महर्षि ने बताया कि जिले में संचालित समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत प्री-प्राइमरी से 08 वीं कक्षा तक के छात्र -छात्राओं का 27 अप्रैल 2026 से सत्रांत तक विद्यालय समय सवेरे 7:30 से 12 बजे तक किया गया है।

इसी के साथ कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों, विद्यालय स्टाफ व परीक्षाओं के लिए निर्धारित समय यथावत रहेगा। उन्होंने बताया कि आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# गलता पीठ में 10 दिवसीय रामानुज जयन्ती महोत्सव का समापन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** रामानुज सम्प्रदाय की उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि श्री गलता जी में श्री वैष्णव मण्डल, रामानुजाचार्य वेदान्त गुरुकुल एवं श्री गलता पीठ के अर्चकों द्वारा 16 अप्रैल से मनाए जा रहे 10 दिवसीय श्री रामानुज जयंती महोत्सव का भव्य समापन रविवार को हुआ। श्री वैष्णव मण्डल के मंत्री रमेश जी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दस दिन पर्यन्त नियमित रूप से प्रतिदिन तिरूमंजन अभिषेक, वैदिक विधि से पूजन, अष्टोत्तरशत तुलसी अर्चना, पाठ, हवन, आदि किए गए। प्रतिदिन प्रात: शरणागति गद्य, श्री रंगगद्य, श्री वैकुण्ठ गद्य पाठ तथा सायं स्तोत्ररत्न, यतिराजविंशति, रामानुज प्रपत्ति, पंचधाटी, भजयतिराजं स्तोत्र आदि के पाठ संपन्न हुए तथा तीर्थ, गोष्ठी प्रसादी का वितरण भी किया गया। रामानुज जयंती 22 अप्रैल के दिन प्रात: श्री गलता पीठ स्थित श्री रामानुज कीर्ति स्तंभ की अर्चना की गई तथा पँचधाटी स्तोत्र, श्री रामानुज चालीसा आदि से कीर्ति स्तंभ की परिक्रमा करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात श्री गलता पीठ स्थित श्री रामानुजाचार्य जी के अति प्राचीन मूल विग्रह एवं उत्सव विग्रह का वैदिक विधि से मंत्रोच्चरण के साथ पंचामृत, पंचमेवा, फलों, पंचद्रव्यों, सर्वऔषधि, सहस्त्रधारा, फलों के रस इत्यादि से तिरुमंजन अभिषेक किया गया। दिव्य प्रबन्ध व स्तोत्र पाठ आदि का वाचन विद्वानों द्वारा किया गया। श्री रामानुज स्वामी जी का तुलसी पुष्प से सहस्त्रार्चन किया है। श्री रामानुज जयंती के दस दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन श्री गलता पीठ में श्री रामानुजाचार्य की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में विद्वानों द्वारा दिव्य प्रबन्ध एवं वैदिक मंत्रोच्चारण किया गया। दक्षिण भारत से पधारे कलाकारों द्वारा वाद्यम, नादस्वरम, तालम सहित अन्य वाद्य यंत्र बजाए गए। सभी श्री वैष्णव भक्तों ने रामानुजाचार्य जी के जीव कारुण्य व सामाजिक समरसता को स्मरण करते हुए समस्त जीवों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य, युवाचार्य स्वामी राघवेंद्राचार्य, मुरली मनोहर मन्दिर के महन्त स्वामी राघवेन्द्राचार्य, गोदा हरिदेव मंदिर वृन्दावन के स्वामी नारायणाचार्य, बस्सी टिबड़ेवाला बालाजी मंदिर के स्वामी त्रिविक्रमाचार्य, नृसिंह मंदिर के महन्त, स्वामी नारायणाचार्य सहित अनेकों सन्त. महन्त, महात्मा उपस्थित रहे। सभी को शठारी दी गयी। इसके पश्चात सभी ने तुलसी, चरणामृत, गोष्ठी प्रसादी आदि ग्रहण किए। इस अवसर पर श्री पिल्लैलोकाचार्य द्वारा विरचित अर्थपञ्चक वेदान्त वेदान्त का विमोचन भी किया गया। पुस्तक श्री वैष्णव मण्डल एवं रामानुजाचार्य वेदान्त गुरुकुल श्री गलता पीठ द्वारा प्रकाशित की गई।

# नारी शक्ति का हुंकार : नारी शक्ति वंदन बिल पर गूंजा आक्रोश



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नारी शक्ति वंदन बिल को लेकर रविवार को झुंझुनू में भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार आक्रोश यात्रा निकालकर अपनी ताकत और एकजुटता का प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में जिलेभर से आई हजारों महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर शहर की सड़कों को जनसैलाब में तब्दील कर दिया। आक्रोश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां हाथों में तख्तियां और नारों के साथ महिलाओं ने केंद्र सरकार के इस महत्वपूर्ण विधेयक के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। नारी शक्ति का सम्मान, देश का अभिमान और महिलाओं को मिले पूरा अधिकार जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है लेकिन विपक्ष द्वारा इसे लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। यात्रा में शामिल महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न मंडलों और गांवों से आई कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि वे अपने अधिकारों के लिए जागरूक हैं और किसी भी प्रकार के विरोध या षड्यंत्र का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। झुंझुनू में निकली इस विशाल आक्रोश यात्रा ने न केवल राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि नारी शक्ति अब अपने अधिकारों के प्रति पहले से कहीं अधिक सजग और संगठित हो चुकी है।

# सैनी समाज का समाज रत्न सम्मान 2026 समारोहपूर्वक सम्पन्न



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** बच्चों की रोजगारपरक शिक्षा में समाज का आर्थिक उत्थान निहित है यह विचार पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने सैनी समाज अतिथि भवन में सैनी समाज द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। कम्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाज का राजनीतिक विकास भी आवश्यक है।

महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुए समारोह को सैनी समाज संरक्षक ओमप्रकाश टाक, मदनलाल कम्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश सैनी, गौरीशंकर खडोलिया, विक्रम सिंह चौहान, जगदीश राकसीया, मंचासीन महावीर सिंह चौहान, महावीर गहलोत सहित अनेक वक्ताओं ने सम्मानित होने वाले गणमान्यजनों को बधाई देते हुए प्रथम बार हुए इस तरह के समारोह की सराहना करते हुए एकजुट रहने का आह्वान किया। सैनी समाज के अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया ने आभार व्यक्त किया। समाज रत्न सम्मान समारोह में सैनी समाज, कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान, नवयुवक मंडल के सभी पूर्व अध्यक्षों, समाज के पत्रकारों, जनप्रतिनिधि मातृशक्ति, दोनों भवनों के सभी पूर्व अध्यक्षों सहित कुल 51 विशिष्ट व्यक्तियों का प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर लाल गौड़ व अशोक वर्मा ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश गौड़, कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान के अध्यक्ष मोहनलाल राकसीया, नन्दकिशोर गढ़वाल, गिरधारी लाल राकसीया, श्रवण कम्मा, गौरीशंकर कम्मा, महावीर गौड़, धनेश्वर चुनवाल, कुन्दन मल कम्मा, बजरंग लाल कम्मा, चंद्र प्रकाश सूईवाल, मोहनलाल गौड़, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रवि गौड़, नारायण प्रसाद सुईवाल, धनराज राकसीया, सुनील कम्मा, सुरेश गौड़, पुरुषोत्तम इन्दौरिया, कौशल्या गौड़, पिंकी गौड़, भरत सुईवाल, सत्यनारायण गौड़ सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

# तर्ड बने कार्यकारी जिलाध्यक्ष

निसं

नोखा (नवयत्न)। जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ भामसं बीकानेर का जिला अधिवेशन शनिवार को माली समाज भवन बीकानेर में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया रहे। मुख्य वक्ता भामसं के प्रदेश महामंत्री विजयसिंह वाघेला व अति विशिष्ट अतिथि भामसं प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर व्यास व भामसं प्रदेश मंत्री मोहनलाल माली रहे। विशिष्ट अथिति राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री चुन्नीलाल राजस्थानी, जोधपुर डिस्कॉम अध्यक्ष लवजीतसिंह पँवार व डिस्कॉम महामंत्री जनक कुमार गहलोत उपस्थित रहे। भामसं कार्यकारी जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार छिंपा, डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य भँवरसिह बीदावत-भीमसेन भाटी की गरिमामय उपस्थिति रहे। अधिवेशन में नोखा से विद्युत कर्मचारी नेता सीताराम तर्ड को जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ बीकानेर का कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया वहीं मनीष पारीक को जिला कोषाध्यक्ष व गोपीकिशन छिंपा को मीडिया प्रभारी व सुरेंद्र शर्मा को संयुक्त महामंत्री का दायित्व दिया गया। नोखा के इन सभी कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए जाने पर नोखा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख की ठगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जामडोली थाना इलाके में आरएलडी के पूर्व प्रदेश महासचिव के खिलाफ नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि टोरड़ा दौसा निवासी मदनलाल बैरवा ने आरएलडी के पूर्व महासचिव राजपाल चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि 3 अगस्त 2025 को जामडोली चौराहे पर राजपाल चौधरी ने तीन लाख रुपए नकद लिए और शेष राशि नौकरी लगने के बाद देने कि बात कहीं। आरोपी ने 8 लाख रुपए में नौकरी लगवाने की बात कही थी। जिसका पांच लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी नौकरी नहीं लगी। तो पीड़ित ने आरोपी से पैसे वापस मांगे। लेकिन आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। खुद के साथ धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन वहां उसे सफलता नहीं मिली। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली और इस्तगासे के आधार पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रदेश महासचिव राजपाल आरएलडी का प्रदेश महासचिव रहे चुका है और उसके खिलाफ पार्टी स्तर पर कई बार झांसा देकर पैसे बैठने की शिकायतें आ चुकी है। इसी के साथ पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बदतमीजी करने के भी आरोप लगे है। इन आरोपों के बाद पार्टी ने फरवरी-2026 को राजपाल को 6 महीने के लिए निष्कासित कर दिया।

# काया हॉस्पिटल की पहल, नि:शुल्क मरीज लाभान्वित

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काया हॉस्पिटल झुंझुनू ने सराहनीय पहल करते हुए रविवार को गांगियासर स्थित रायमता धर्मशाला के पास नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 92 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में काया हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप बेनीवाल तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ गुलशन बानो ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य जांच करवाई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दी गई नि:शुल्क सेवाओं से लाभान्वित होकर ग्रामीणों ने काया हॉस्पिटल की इस पहल की सराहना की। काया हॉस्पिटल का उद्देश्य ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है ताकि दूर-दराज के लोगों को समय पर उपचार और सही परामर्श मिल सके।

# सुरभि गायत्री महायज्ञ में लिया गौ संरक्षण का संकल्प

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सानिध्य में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सुरभि गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी ने ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, वेद माता मां गायत्री व गुरु सत्ता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। युग तीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में आयोजित यज्ञ में 250 से अधिक श्रद्धालुओं ने अलग-अलग पारियों में आहुतियां अर्पित कीं। देसी नस्ल की गाय के गोबर से बने गौकाष्ठ से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी से भक्त भूषण, नीलम व रिद्धिमा ने प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। श्रद्धालुओं ने गौ उत्पादों के अधिक उपयोग का संकल्प लिया। यज्ञ के दौरान अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी, गौ क्रांति मंच के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद कोठारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। आचार्य पीठ से भक्त भूषण वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति की जीवनरेखा है। वैज्ञानिक दृष्टि से गाय के गोबर व गोमूत्र में रोगाणुनाशक गुण पाए जाते हैं, जो पर्यावरण शुद्धि, जैविक खेती और मानव स्वास्थ्य के लिए उपयोगी हैं। गौकाष्ठ के उपयोग से लकड़ी की बचत होती है और प्रदूषण कम होता है। धार्मिक दृष्टि से गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना गया है तथा यज्ञ, पूजा और संस्कारों में इसका विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण से प्रकृति संतुलन, कृषि समृद्धि और समाज का नैतिक उत्थान संभव है। गौ संकीर्तन में कुंज बिहारी जाजू ने श्गाय राजी तो गोपाल राजी, भाई गौसेवा में लागो रे तथा गौ माता को दिलवाना है सम्मान भजन प्रस्तुत किए। दिनेश पारीक ने श्तुम ढूंढो मुझे गोपाल भजन गाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। अनंत शर्मा, दीपक शर्मा, प्रवीण सोनी व रोहित सिंह ने भी भजन प्रस्तुत किए, जबकि ढोलक संगत निर्वेद शर्मा ने दी। अभियान के तहत 27 अप्रैल को जिला व उपखंड स्तर पर अधिकारियों को ज्ञापन दिए जाएंगे। जयपुर में मुख्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे अंबाबाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित होगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190